# नगर विकास मंत्री ने 193.34 करोड़ रुपये लागत के 1041 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

## 22 जिलों की 60 निकायों को मिली 193.34 करोड़ रुपये की सौगात

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए०के० शर्मा ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत तथा कान्हा गौशालाओं के निर्माण संबंधी 193.34 करोड रुपयेः की लागत के 1041 कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के प्रथम चरण में 22 जिलों की 60 निकायों के अंतर्गत 55 निकायों में 92.02 करोड़ रुपये की लागत से 558 कार्यों का लोकार्पण तथा 60 निकायों में 101.32 करोड़ रुपये की लागत से 483 कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसमें कान्हा गौशालाओं की 16 परियोजनाएं, सड़क, नाली, फुटपाथ आदि के निर्माण की 786 परियोजनाएं, जल निकासी के लिए नाला—नाले के निर्माण की 88 परियोजनाएं तथा निकायों में विद्यालयों और आँगनबाड़ी केन्द्रों आदि की 118 परियोजनाएं शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं के धरातल पर आने से 60 निकायों के लाखों नागरिकों को बेहतर सुविधायें मिलेंगी। साथ ही मंत्री श्री शर्मा ने मेरठ नगर निगम द्वारा निर्मित "जनसुविधा ऐप" का भी उद्घाटन किया। इस ऐप में लोग अपनी शिकायत दर्ज कर त्वरित गति से निस्तारण करा सकेंगे। इस मौके पर मंत्री ने आगरा, अयोध्या, आजमगढ़ समेत लगभग सभी निकायों के महापौर, चेयरमैन, अध्यक्ष व अधिकारियों से ऑनलाइन संवाद कर विकास कार्यों के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी निकाय में कोई भी कार्य अगर अधूरा है या कोई नया कार्य कराना चाहते हैं, तो जल्द से जल्द उसका प्रस्ताव बनाकर भेजें। कहा कि सभी निकाय विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण कर वहां के रहने वाली जनता को उच्च कोटि की नागरिक सुविधायें देने का प्रयास करें।नगर विकास मंत्री ए०के० शर्मा ने बुधवार को जल निगम फील्ड हास्टल "संगम" में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु', की उपस्थिति में 05 नगर निगमों, 10 नगर पालिका परिषदों, 45 नगर पंचायतों में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत 10 नगर निगमों का सीमा विस्तार 04 नगर पालिका परिषदों का उच्चीकरण, 42 नगर पालिका परिषदों एवं 72 नगर पंचायतों का सीमा विस्तार तथा 112 नयी नगर पंचायतों का गठन किया गया। योजनान्तर्गत मार्ग निर्माण, जल निकासी हेतु नाला—नाली का निर्माण, सड़कों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक केन्द्रों, कल्याण मण्डप, कार्यालय भवन, स्कूल व आँगनबाड़ी केन्द्रों, प्रमुख चौराहों, पार्कों व उद्यानों का विकास एवं सौन्दर्यीकरण, मुख्य व्यापारिक क्षेत्रों का सौन्दर्यीकरण आदि कार्य कराये जा रहे। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में नागरिकों के जीवन स्तर और सुख—सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा। आने वाली पीढ़ी एवं बच्चों का भविष्य कैसे संवारा जाए, उन्हें बेहतर व स्वास्थ्यप्रद पर्यावरण मिले इस पर कार्य किया जा रहा। नगर विकास विभाग अब उन कार्यों को भी कर रहा जो कि तकनीकी रूप से उसके अन्तर्गत नहीं आता है। प्रदेश की योगी सरकार सभी के सहयोग से उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बना रही।नगर विकास मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023—24 में स्वीकृत किये गये 101.32 करोड़ रुपये की लागत से 483 परियोजनाओं के शिलान्यास में 84.47 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, नाली, फुटपाथ की 386 परियोजनाओं, 8.46 करोड़ रुपये की लागत से जल निकासी की 33 परियोजनाओं, 1.45 करोड़ रुपये की पार्क व हरित क्षेत्र की 07, 3.84 करोड़ रुपये की विद्यालय मरम्मत व आँगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की 36 परियोजनाएं, 45 लाख रुपये से 02 मुख्य व्यापारिक क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण का कार्य, 0.9 लाख रुपये से एक मुख्य चौराहे का सौन्दर्यीकरण, 1.22 करोड़ रुपये की 14 स्ट्रीट लाइटों का निर्माण, 1.17 करोड़ रुपये के तीन सामुदायिक केन्द्रों का निर्माण, 17 लाख रुपये से एक लाभार्थी परक सेवा विकसित की जाएगी। इसी प्रकार 92.02 करोड़ रुपये की लागत से लोकार्पित 558 कार्यों में से 76.12 करोड़ रुपये की सड़क, नाली व फुटपाथ की 399 परियोजनाएं, 7.16 करोड़ रुपये की लागत से 55 जल निकासी की परियोजनाएं, 1.17 करोड़ रुपये की 05 पार्क व हरित क्षेत्र की परियोजनाएं, 5.57 करोड़ रुपये की लागत से विद्यालय मरम्मत व आँगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की 82 परियोजनाएं, 1.18 करोड़ रुपये की 09 पेयजल की, 34 लाख रुपये की 01 मुख्य व्यापारिक क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण का कार्य, 17 लाख रुपये से 31 मुख्य चौराहे का सौन्दर्यीकरण, 31 लाख रुपये से 06 स्ट्रीट लाइटों का निर्माण कार्य पूरा कराकर जनता को समर्पित किया गया।

## कृषि क्षेत्र में सहयोग करेगा आस्ट्रेलिया-कृषि मंत्री

लखनऊ(आरएनएस)। बुधवार को कृषि मंत्री के आवास—8 कालीदास मार्ग, लखनऊ में आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त एवं उनकी टीम के साथ अपर मुख्य सचिव (कृषि) एवं कृषि निदेशक की उपस्थिति में भारत और आस्ट्रेलिया के मध्य कृषि क्षेत्र में सहयोग हेतु विस्तृत चर्चा की गयी। उच्चायुक्त आस्ट्रेलिया द्वारा अवगत कराया गया कि वो दो क्षेत्रों यथा कृषि एवं शिक्षा के क्षेत्र में भारत के साथ कार्य करने हेतु इच्छुक हैं। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि के क्षेत्र में माइक्रो इरीगेशन, उत्पादन एवं तकनीकी हस्तानांतरण के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया की तकनीकी टीम द्वारा चर्चा हेतु लोक सभा चुनाव के उपरान्त भारत आकर उत्तर प्रदेश में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की जायेगी।

इस दौरान कृषि मंत्री द्वारा आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त एवं उनकी टीम को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में 05 कृषि विश्वविद्यालय एवं 89 किसान विज्ञान केन्द्र स्थापित हैं। कृषि विश्वविद्यालयों में कृषि शिक्षा के साथ—साथ शोध एवं प्रचार आदि का कार्य भी तकनीकी हस्तानान्तरण के माध्यम से किया जाता है। कृषि शिक्षा में सुधार लाने हेतु उच्चायुक्त आस्ट्रेलिया द्वारा अवगत कराया गया कि उनका देश उत्तर प्रदेश में आस्ट्रेलिया के कृषि विश्वविद्यालय की शाखा खोलने की इच्छुक हैं जिसमें भारतीय छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में अत्याधिक ध्यान दिया गया है तथा ई—गर्वेनेन्स के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को किसानों तक पहुँचा रहे है।

उच्चायुक्त आस्ट्रेलिया द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उनके देश में दुग्ध उत्पादन का औसत 20ली0 प्रति गाय प्रतिदिन है तथा आस्ट्रेलिया में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र मे उच्च तकनीकी उपलब्ध है इसके लिए भी आस्ट्रेलिया उत्तर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने की तकनीकी हस्तानान्तरण के लिए इच्छुक है। उनके द्वारा मल्टी फार्मिंग को बढ़ाने, उद्यान के अन्तर्गत फूल, सब्जी के उत्पादन में सहयोग किये जाने हेतु इच्छुक है। अंत में उच्चायुक्त आस्ट्रेलिया द्वारा बताया गया कि जल्दी ही एक आस्ट्रेलिया कृषि सम्बन्धी एक्सपर्ट टीम भारत आकर विस्तार से चर्चा करेगी तथा दुग्ध विकास एवं कृषि के क्षेत्र में यथाशीघ्र एमओयू किया जायेगा ताकि उत्तर प्रदेश के किसानों को इसका पूर्ण लाभ प्राप्त हो सके। अपर मुख्य सचिव (कृषि) द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में ऑनलाइन व्यवस्था के अन्तर्गत किसानों के डी0बी0टी0 के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ अनुदान हस्तानान्तरित किया जा रहा है। प्रदेश के किसानों को शत—प्रतिशत लाभ दिया जा रहा है, उन्होंने यह भी बताया कि दलहन, तिलहन एवं मिलेट के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश में दलहन, तिलहन एवं मिलेट का उत्पादन बढाया गया है, जिससे से कुपोषण से छुटकारा

## पालि भाषा के ध्वजवाहक बन उत्थान में लगे शिव मूर्ति लाल

आर0एन0एस0 प्रतापगढ़। वह पेशे से डॉक्टर हैं। अल्टासाउंड और एक्सरे जैसे मशीनों से खेलना उनका काम है। इन दिनों उन पर ईसा पूर्व सम्राट अशोक और बुद्ध के समय प्रचलित प्राचीन भाषा पालि को इस काल में फिर से जनसंवाद की भाषा बनाना का एक जुनून है। वे जिले में पालि के ध्वजवाहक बन उसके उत्थान में जी जान से लगे हैं। जी, हां बात हो रही है जिले के जाने माने प्रख्यात, अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट सम्राट अशोक के विचारों से प्रभावित डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य की। जो भारत की पालि भाषा जो विलुप्त प्राय होती जा रही है। वह फिर से जनसंवाद की भाषा बने इसके लिए भागीरथ प्रयास करने में तन मन और धन से जुटे हैं। बोर्ड परीक्षा में यह विषय शामिल किया गया है। मगर अफसोस की बात यह है कि इसके परीक्षार्थियों की संख्या नगण्य है। यह भाषा ईसा पूर्व में सम्राट अशोक के शासनकाल में बहुत अधिक प्रचलित थी। भगवान बुद्ध का संदेश इसी भाषा में लिखा गया था। उसके बाद से धीरे धीरे यह भाषा केवल नाम के लिए कागजों तक ही सिमट कर रह गई। यह हिंदी, संस्कृत, अरबी तथा फारसी की तरह ही शिक्षा के क्षेत्र में अपना स्थान फिर से बना सके इसके लिए डाक्टर शिव मूर्ति लाल हनुमान बन इसे संजीवनी देने का काम कर रहे हैं। डाक्टर शिव मूर्ति लाल का कहना है कि पालि भाषा को आज के समय में लोग जाने सीखे इसके लिए वे प्रयासरत रहते हैं। उनसे जो बन पड़ेगा करेंगे। इस वर्ष 191ने दी हाई स्कूल की परीक्षा— पालि भाषा में इस वर्ष हाई स्कूल बोर्ड में जिले से 191 लोगों ने परीक्षा फार्म भरा और परीक्षा दी। जिसमें छात्र के अलावा रिटायर कर्मचारी, डाक्टर भी थे। इसके लिए शिव मूर्ति लाल ही सबको एकजुट किए और उन्हें परीक्षा देने के लिए प्रेरित fd;kA ;wVîwब पर उपलब्ध कराई पठन सामग्री— किसी को दिक्कत न आए इसके लिए सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार अरैल और प्रयागराज के भंते नीतेश वर्धन ने पठन सामग्री का संकलन करके पुस्तक का प्रकाशन किया और इसे यूट्यूब पर उपलब्ध कराने का काम किया। समाज सेवा का भाव रखते हैं— डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य पेशे से चिकित्सक के साथ साथ समाजसेवा में भी अपना योगदान दे रहे हैं। इनके द्वारा सम्राट अशोक पुस्तकालय की स्थांपना की गई है। इंटरनेशनल सामाजिक संस्था रोटरी क्लब से भी जुड़े हुए हैं। हर वर्ष बोर्ड परीक्षार्थियों के सम्मान का कार्यक्रम भी करते हैं।

## विद्यार्थियों को बांटे स्मार्टफोन, सही उपयोग की दी सलाह

आर0एन0एस0 प्रतापगढ़। कुण्डा क्षेत्र के बी एन सिंह स्मारक महाविद्यालय पुवासी महाराजपुर में छात्र, छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं बी एन सिंह ग्रुप ऑफ इंटीट्यूशंस के निदेशक विनोद कुमार सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य अतिथि ने छात्र—छात्राओं को स्मार्टफोन के सकारात्मक उपयोग एवं सोशल साइट्स के प्रयोग के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया। स्मार्टफोन के सदुपयोग का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह ने किया। प्रबंधक यशवंत बहादुर सिंह ने आये हुए अतिथियों को आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार सिंह, बृजेश सिंह, बृजेन्द्र शर्मा, अशोक सिंह, नीरज कुमार, जयेंद्र प्रताप, अश्वनी सिंह समेत विद्यालय का स्टाफ व अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिले के चार थानों में मेडिकल कक्ष निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास

आर0एन0एस0 प्रतापगढ़। सीएम योगी ने लखनऊ में पुलिस अवस्थापना सुविधाओं के लिए निर्माण कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास तथा विभिन्न जिलों में थानों व साइबर सेल का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण थाना कोतवाली नगर परिसर में किया गया। जिसे देखने के लिए सांसद संगम लाल गुप्ता, डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल, एसडीएम सदर उदयभान सिंह, अरूण मौर्य, अधिवक्ता व भाजपा के लोग मौजूद रहे। इसके बाद सांसद, डीएम व एसपी ने जिले के चार थानों हथिगंवा, कुण्डा, कोतवाली नगर एवं मानिकपुर में मेडिकल कक्ष मय प्रसाधन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जनपद में साइबर थाना का भी शुभारम्भ आज किया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी व कला शिल्प प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के हुनर की हुई सराहना

आर0एन0एस0 प्रतापगढ़। रायल इण्टरनेशनल स्कूल शाहपुर नरायनपुर में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं कला शिल्प प्रतियोगिता में छात्र — छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखायी। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रबंधक संजय सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों के बनाये मॉडल की सराहना की।कहा कि आज विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोंच, अभिरूचि, जागरूकता एंव नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी और प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यार्थियों ने ड्रोन, एन्टी एक्सीडेन्टल कार सेफ्टी रोबोटिक सिस्टम, जीवो स्टेशनरी सेटेलाइट, सर्विलांस रोबोट, राम मन्दिर मॉडल, ग्रीन अर्थ सिस्टम, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता समेत विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किये। विशिष्ट अतिथि एआरपी डा0 संजीत शुक्ल एवं विजय विश्वकर्मा ने बच्चों के हुनर को सराहा। निर्णायक घनश्याम, आशीष, शिवम, शक्ति सिंह, अभिमन्यु माधव, रामअवध यादव, धर्मेन्द्र यादव रहे। प्रधानाचार्य दीपा सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। संचालन सूरज पांडेय ने किया। इस मौके पर शिखर, रैना, श्रद्धा, शायदा, आरती, मंजू, निशा सिंह, उमा, अंकित चन्द्र यादव, प्रसून, ऋषभ आदि मौजूद रहे।

## स्टेशन पर लगेंगे सौ इंडिकेटर बताएंगे कोच की स्थिति

आर0एन0एस0 प्रतापगढ़। अमुक ट्रेन का स्लीपर, एसी कोच प्लेटफार्म पर किस स्थान पर आकर खड़ा होगा। इसके लिए मुसाफिरों को तनिक भी परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि उनकी इस समस्या का समाधान रेलवे द्वारा होने जा रहा है। कोच की पोजीशन को बताने के लिए मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन के प्लेटफार्मों पर करीब सौ कोच इंडिकेटर लगने जा रहे हैं। बुधवार को इसके लिए खुदाई का काम शुरू कर दिया गया। बताया जाता है कि इसको लगने में करीब दो महीने का समय लग जायेगा। बता दें कि प्लेटफार्म पर आ रही ट्रेन का फला कोच किस स्थान पर आकर खड़ा होगा। इसके लिए प्लेटफार्मों पर कोच संकेतांक लगे होते हैं। इसमें यात्री का कोच उसके सामने आकर खड़ा हो जाता है। इससे यात्रियों को चढ़ने में काफी सहूलियत होती है। भागदौड़ में उसका समय बच जाता है। इससे वृद्ध और दिव्यांग जनों को काफी सहूलियत होती है। यह सुविधा बड़े स्टेशन पर है। हालांकि मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन पर कई साल पहले यह सुविधा देने का प्रयास रेलवे द्वारा किया गया था। लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। लाखों रुपए बर्बाद हुए हैं—कुछ साल पहले मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन पर इसी तरह प्रयास कोच संकेतांक के लिए रेलवे द्वारा किया था। पोल, सिस्टम सब लगा दिया गया था। लेकिन वह चला ही नहीं है। सूत्रों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च करके सिस्टम लगाया गया था जो कभी दिन भी नहीं चला। ठेकेदारी में लाखों रुपए बर्बाद हो गया। इसके लिए कर्मचारी भी जिम्मेदार हैं। आपस की खींचतान का नतीजा था।

## 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिये नये सिरे से रणनीति तैयार की जाये -जयवीर सिंह

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन सेक्टर में रोजगार तथा राजस्व अर्जन की असीमित संभावनायें है। इसको दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन विभाग महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटन विभाग के सामर्थ्य को देखते हुये ऐसी नीतियां एवं कार्यक्रम तैयार करें, जिससे उत्तर प्रदेश 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन सके। पर्यटन मंत्री आज यहां गोमती नगर स्थित पर्यटन विभाग के सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ विभाग द्वारा इस दिशा में लिये गये निर्णयों तथा भावी रणनीति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। अयोध्या में राम मन्दिर के लोकार्पण के बाद पूरे देश और दुनिया से श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे है। उन्होने कहा कि एक पर्यटक के आने से 06 लोगों को रोजगार मिलता है। इसके साथ ही पर्यटक होटल, टैक्सी के उपयोग के अलावा स्थानीय उत्पाद के क्रय करके स्थानीय लोगों को रोजगार तथा आमदनी का जरिया बनते है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि विदेशी पर्यटकों की प्रदेश में अधिक से अधिक संख्या बढ़ाने के लिये नये सिरे से रणनीति तैयार की जाएं। उन्होने कहा कि अधिकांश विदेशी पर्यटक प्रदेश के 10 शहरों तक सीमित रहते है। घरेलू पर्यटक 15 शहरों में ज्यादा आते है। प्रदेश में लगभग हर जनपद में पर्यटकों के लिये कुछ—न—कुछ विशेष है। इसके अलावा विशिष्ट प्रकार के स्थानीय उत्पाद एवं खानपान की प्रसिद्ध वेराइटी है। पर्यटकों को इनकी ओर लुभाने के लिये नये सिरे से रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक ले जाने के लिये कृषि, मैनुफेक्चुरिंग, पर्यटन और सूचना प्रौद्योगिकी को रखा गया है। जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास क्षमता, सामर्थ्य एवं मानव सम्पदा का बड़ा बाजार है। इसके साथ ही पूरे देश में सर्वाधिक एक्सप्रेस—वे तथा इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। कानून व्यवस्था पूरे देश में बेहतर है। इसीलिये पर्यटक प्रदेश के एक कोने से दूसरे कोने तक असानी से जा सकते है। उन्होने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से करोना काल को छोड़कर उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। पर्यटक फैकुली परिस्थितियों के कारण पिछले साल लगभग 38 करोड़ पर्यटक प्रदेश में आये। विगत 02 वर्षो से उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में पहले स्थान पर बना हुआ है। पर्यटन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में पर्यटन विभाग का अधिकतम योगदान के लिये मौजूदा नीतियों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करें। इसके साथ ही पर्यटकों को प्रदेश में दो—तीन दिन से अधिक ठहराव के लिये विकल्प तलाशने पर जोर दें। उन्होने कहा कि आगरा आने वाले पर्यटकों को बटेश्वर भ्रमण के लिये प्रेरित करें। इसके अलावा ईको—टूरिज्म पर विशेष ध्यान दें। उन्होने कहा कि धार्मिक पर्यटन के साथ अन्य गतिविधियां जोड़ी जा सकती है। जिससे पर्यटक प्रदेश में अधिक समय तक रूक सके। जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का योगदान की कैसी बढोत्तरी हो तथा अधिक से अधिक राजस्व की प्राप्ति हो, इसके लिये तैयार की गयी नीति का परिणाम एवं प्रगति धरातल पर दिखनी चाहिये। उन्होने कहा कि विभागीय अधिकारी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने पर जोर दें। उन्होने कहा कि थाईलैण्ड, वियतनाम के बौद्ध श्रद्धालुओं का उत्तर प्रदेश से भावनात्मक लगाव है। इसके अलावा बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों को नये भारत का नया उत्तर प्रदेश के बारे में बताये। उन्होने कहा कि राजस्थान की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में वेडिंग डेस्टिनेशन को बढ़ावा दिया जा सकता है।

## प्रदेश में अब तक 53.46 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023—24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रुपये प्रति कुं० और धान ग्रेड—ए 2203 रूपये प्रति कुं० की निधारित दर से खरीद करते हुए अब तक 5346302.51 मीट्रिक टन धान किसानों से सीधे क्रय किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस योजना से अब तक लगभग 797086 किसानों को लाभान्वित करते हुए 11458.583 करोड़ रुपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है।

## तथागत बुद्ध के दिखाए गए अहिंसा, प्रेम व करूणा के मार्ग से विश्व शांति एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है – केशव प्रसाद मौर्य

### भगवान बुद्ध करूणा के अवतार के रूप में विश्व पटल पर स्वीकार्य हैं

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि तथागत बुद्ध के दिखाए गए अहिंसा, प्रेम व करूणा के मार्ग से विश्व शांति एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है।भगवान बुद्ध करूणा के अवतार के रूप में विश्व पटल पर स्वीकार्य हैं।डबल इंजन सरकार तथागत बुद्ध से जुड़े स्थानों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है।केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस अवसर पर "बौद्ध अनुशीलन में पंचशील" विषय पर आयोजित परिचर्चा में, जहां भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन व आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला, वहीं भगवान बुद्ध के आदर्शों को जीवन्त व कालजयी बनाये रखने के लिए डबल इंजन सरकार द्वारा किये गए उल्लेखनीय व सकारात्मक कार्यों की विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने तथागत भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन के प्रचार —प्रसार, और उनकी प्रेरक स्मृतियों की याद ताजा बनाए रखने के लिए मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रतिबद्धताओं का बखान करते हुए, इस सन्दर्भ में सरकार द्वारा प्रदेश,देश व दुनिया में किये कार्यों का भी वर्णन किया। इस अवसर पर उन्होंने "धम्मपद" नामक पुस्तक का विमोचन भी किया और खुशी फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या, मथुरा व काशी की तरह भगवान बुद्ध से जुड़े स्थानों का विकास किया जा रहा है।भगवान बुद्ध शान्ति व अहिंसा के पुजारी थे।मोदी जी के नेतृत्व में भगवान बुद्ध के सपनों के अनुरूप भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश में युवा, महिलायें, गरीब व किसान चार जातियां हैं , कहा कि सबको साथ लेकर चलने के लिए भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपनाना ही होगा, और इन्हीं आदर्शो को आत्मसात करते हुए सरकार द्वारा सबका साथ— सबका विकास,— सबका —सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूल मंत्र को अपनाते हुए सबको सम्मान और सबको उचित स्थान दिये जाने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि भगवान बुद्ध के अनुयायी होने का मतलब विश्व शांति की गारण्टी है। कहा कि भगवान बुद्ध के दिखाए गए मार्ग से प्रेरणा लेते हुए भारत निःस्वार्थ भाव से बिना किसी भेदभाव के अपने यहां भी और पूरे विश्व में, कहीं भी संकट में घिरे व्यक्ति के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने याद दिलाया कि प्रधानमन्त्री ने संयुक्त राष्ट्र की महासभा में कहा था, कि भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिया है। हम भारतवासियों ने सदैव विश्व को शान्ति, सद्भावना तथा सामाजिक समरसता का सन्देश दिया है। भगवान बुद्ध की निर्वाण स्थली कुशीनगर में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनवाया गया। भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी में इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर फार बौद्ध कल्चरल ऐंड हेरिटेज सेंटर बनाया जा रहा है। कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान शोध, शिक्षण कार्य , प्रकाशन, बौद्ध स्थलों के संरक्षण, संगोष्ठी, सेमिनार, निबंध, भाषण, पेंटिंग प्रतियोगिताये आदि आयोजित कर बौद्ध धर्म की नींव मजबूत कर रहा है।उप मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के उल्लेखनीय कार्यों तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की परियोजनाओं के बारे में प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व के कोने कोने में लगभग सभी देश शान्ति एवं सद्भावना के संदेश तथा भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन व उनकी प्रासंगिकता को पुनर्स्थापित कर रहे हैं।

## बुजुर्गों की सेवा को समझें कर्तव्य, समस्याओं के निस्तारण में न हो कोई गलती –सुरेश खन्ना

### वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश ने किया पेंशन निदेशालय के नए भवन का शुभारंभ

लखनऊ(आरएनएस)। पेंशनर्स को बिना परेशानी समय से पेंशन के भुगतान समेत उनकी समस्त समस्याओं के निदान को प्रयासरत योगी सरकार ने पेंशनर्स को दी जाने वाली सेवाओं को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए पेंशन निदेशालय के नवीन भवन का शुभारंभ किया है। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज इंदिरा नगर लखनऊ में वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान परिसर में पेंशन निदेशालय के नवीन भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि पेंशनर्स की पेंशन समय से निस्तारित की जाए, ये हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कोई भी वजह हो, लेकिन पेंशनर्स को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निदेशालय में कार्यरत कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बुजुर्गों की सेवा का अवसर मिला है। ये पेंशनर्स हमारे बीच के ही लोग हैं। उनकी सेवा करना आपका कर्तव्य है। वित्त मंत्री ने सभी ट्रेजरी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें ऐसा मैकेनिज्म बनाना होगा कि पेंशनर्स या उनके आश्रितों को दी जाने वाली पेंशन में किसी तरह की त्रुटि न हो। उन्हें निधारित राशि समय पर मिले, इसकी व्यवस्था करनी होगी। इसके गलत निस्तारण पर बाद में रिकवरी जैसी चीजों से हमें बचना होगा। वित्त मंत्री ने अपने उदबोधन में कहा कि आवश्यक पत्रावलियों ध् अभिलेखों के अभिरक्षण हेतु इन्दिरा भवन में स्थापित पेंशन निदेशालय में पर्याप्त स्थान उपलब्ध न होने के कारण अपेक्षाकृत एक वृहद् स्थान की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जाती रही थी। इसी क्रम में वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश के भूखण्ड संख्या —24ध्3 स्थित प्रशासनिक भवन को पेंशन निदेशालय को आवंटित किया गया।

राज्य सरकार अपने सेवानिवृत्त कार्मिकों को अनुमन्य सेवानिवृत्तिक लाभ जैसे पेंशन, ग्रेच्युटी राशिकरण सहित अन्य देयकों का भुगतान समय से दिलाये जाने हेतु कृत संकल्प है। पेंशनर्स के जीवन की संध्या को उर्जावान और गतिमान बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये गए हैं, जिसके फलस्वरूप पेंशनर्स को स्थानीय स्तर पर सुगमतापूर्वक और निर्बाध भुगतान प्राप्त हो, यह सुनिश्चित करने का प्रयास सतत किया जा रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु पेंशन स्वीकृति की केंद्रीयकृत व्यवस्था के स्थान पर मण्डल स्तर पर पेंशन स्वीकृति की विकेन्द्रीकृत व्यवस्था प्रदेश में लागू की गयी। पेंशन भुगतानादेश जारी करने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाए जाने हेतु पेंशन स्वीकृति से लेकर पेंशन भुगतान की व्यवस्था को पूर्णतया ऑनलाइन कर दिया गया है। इस प्रणाली में पेंशन स्वीकृति की सूचना पेंशनर को ईमेल एवं मोबाइल द्वारा प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। ज्ञातव्य है कि अभी तक यह निदेशालय इंदिरा भवन के आठवें तल पर क्रियाशील था, लेकिन आवश्यक पत्रावलियों, अभिलेखों के अभिरक्षण के लिए पर्याप्त स्थान न होने के कारण इसे वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान परिसर में स्थानांतरित किया गया है। इस प्रशासनिक भवन का जीर्णोद्धार लोक निर्माण विभाग द्वारा एक करोड़ की लागत से कराया गया है। वर्तमान में समूह क श्रेणी के अधिकारियों, विभिन्न आयोगों के सदस्यों एवं खादी बोर्ड सहित कृषि विश्वविद्यालयों एवं प्राविधिक कॉलेज के कार्मिकों की पेंशन प्रकरण का निस्तारण निदेशालय स्तर से किया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से आच्छादित कार्मिकों की सेवारत मृत्यु के प्रकरणों में इनके आश्रितों को उनके विकल्प के आधार पर पारिवारिक पेंशन भी स्वीकृत किए जाने की व्यवस्था है। वर्तमान समय में ई पेंशन सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन पेंशन प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कार्यवाही की जा रही है।

# अच्छे समाज की आधारशिला स्कूल में ही रखी जाती है - श्री अवनीश कुमार सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार

लखनऊ, 28 फरवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री अवनीश कुमार सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, उ.प्र. ने मेधावी छात्रों व अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अच्छे समाज की आधारशिला स्कूल में ही रखी जाती है क्योंकि स्कूल के वातावरण का बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सी.एम.एस. की प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. छात्र पढ़ाई के साथ साथ चारित्रिक उत्कृष्टता में भी अग्रणी हैं। श्री सिंह ने छात्रों को सलाह दी कि स्वयं से स्पर्धा करें, दूसरों से नहीं। इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने अपने संबोधन में कहा कि ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में छात्रों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करना समय की माँग है। यही भावी पीढ़ी आगे चलकर अपनी बुद्धिमत्ता व रचनात्मकता से विश्व समाज में एकता, शान्ति व सौहार्द की स्थापना करेंगे।



इस अवसर पर विद्यालय के प्री–प्राइमरी व कक्षा–1 व 2 के छात्रों ने शिक्षात्मक–साँस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सार्वभौमिक जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व की सेवा के लिए तथा सभी चीजों में उत्कृष्टता विषय पर अपने सारगर्भित विचार प्रकट किये। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले एवं वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस की वरिष्ठ और अंत मे प्रधानाचार्या सुश्री संगीता बनर्जी ने बच्चों की हौसलाअफजाई करने के लिए अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सरकार रोजगार नहीं दे सकती तो भर्ती के नाम पर उन्हें धोखा देना बन्द करे - अजय राय

संजीव कुमार शुक्ला

लखनऊ रू भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी0वी0 जी के आवाहन पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में भर्ती परीक्षा पेपर लीक, युवाओं पर हो रहे अत्याचार, बेहताशा बढ़ती जा रही बेरोजगारी के विरोध में आज भाजपा सरकार के खिलाफ उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री आवास घेराव आन्दोलन किया गया। इसके पूर्व प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी0वी0 जी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय पूर्व मंत्री ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय पूर्व मंत्री ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहाकि भाजपा सरकार में आज तक कोई भी भर्ती सकुशल नहीं हो पायी है यह सरकार की घोर विफलता है। बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव युवाओं के हितों के लिए संघर्ष करती रही है। यदि सरकार रोजगार नहीं दे सकती तो भर्ती के नाम पर उन्हें धोखा देना बन्द करे। प्रवक्ता पुनीत पाठक ने बताया कि युवा कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी0वी0 जी ने कहा कि जननायक श्री राहुल गांधी जी, श्रीमती प्रियंका गांधी जी लगातार युवाओं के लिए आवाज उठा रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। उत्तर प्रदेश में जबसे भाजपा की योगी सरकार आई है तबसे सारी भर्तियों के पेपर लीक हो रहे हैं, चाहे आरओ, एआरओ हो, लेखपाल भर्ती हो, पुलिस भर्ती हो, योगी सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम पर छलने का काम कर रही है। भर्ती परीक्षा के नाम पर जो युवाओं से धन ले रही है उसमें भ्रष्टाचार कर रही है। सरकार में बैठे लोगों की मिलीभगत से भर्तियां के पर्चे लीक हो रहे हैं और युवाओं का भविष्य योगी सरकार बर्बाद करने में जुटी है जिसके विरोध में आज प्रदेश भर से आये युवा कांग्रेसजन योगी सरकार को चेतावनी देंगे कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करना बन्द करें वरना युवा कांग्रेसी सड़कों पर उतरकर युवाओं के हितों के लिए संघर्ष करेंगे।प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय पूर्व मंत्री ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहाकि भाजपा सरकार में आज तक कोई भी भर्ती सकुशल नहीं हो पायी है यह सरकार की घोर विफलता है। बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव युवाओं के हितों के लिए संघर्ष करती रही है। यदि सरकार रोजगार नहीं दे सकती तो भर्ती के नाम पर उन्हें धोखा देना बन्द करे।




# मुरली मनोहर मंदिर से मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया गया

झांसी! सनातन संस्कृति संघ के तत्वाधान में राम भक्त व गंगा सेविका श्रीमती हरी प्रिया भार्गव जी अध्यक्ष यू. डी. एल.अखिल भारतीय सोशल चौरिटेबल ट्रस्ट के नेतृत्व में मुरली मनोहर मंदिर बड़ा बाजार से एक मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया गया




मंगल कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति कलश लेकर बड़ा बाजार मानिक चौक कोतवाली होते हुए आँतीया ताल पर पहुंची

आँतीया तालाब पर हरी प्रिया भार्गव जी के मुख्य अतिथि में एक दिव्य भव्य वृहद गंगा आरती का आयोजन किया गयागंगा आरती बनारस के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा की गई आरती आयोजन का उद्देश्य आमजन को हम सभी की जीवनदायनी मां गंगा के प्रति लोगों को जागरूक करना व हम कैसे नदी तलावों पोखरों को स्वच्छ रखें उनके प्रति श्रद्धा भाव रखें मुख्य उद्देश्य आम जन मे इस प्रकार का संदेश देना रहा है। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार देश की यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी बिना भेदभाव के हर वर्ग को उनके हित के लिए दिन–रात मेहनत कर रहे हैं किसानों को गरीबों को दलितों पिछड़ों को सभी वर्ग के लिए कार्य कर रहे हैं उन्होंने अपने नेतृत्व में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाया आज हम सभी सनातनी भाई बहनों का यह कर्तव्य बनता है कि आने वाले लोकसभा 2024 में माननीय नरेंद्र मोदी जी के प्रचंड सरकार बनवाने के लिए उनके साथ एकजुट होकर खड़े रहे इन आयोजनों में प्रमुख रूप से अध्यक्षता राजेंद्र सिंह कुशवाहा प्रांत सह सेवा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रांत ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश कुमार जी राष्ट्रीय प्रभारी गंगा समग्र रहे। कार्यक्रम संयोजक जीतू सोनी, जयदेव खरे, एवं अनिल मुस्तारिया पूर्व सभासद का विशेष योगदान रहा

# संत रविदास संत समाज के ऊर्जावान नेतृत्वकर्ता- डॉ० संदीप सरावगी

झाँसी। महामानव मिशन समिति एवं समस्त ग्रामवासी खजराहा बुजुर्ग के तत्वाधान में माघी पूर्णिमा पर सतगुरु रविदेव के 647वें उत्सव के शुभ मुहुर्त पर 10 कन्याओ का 5 दिवसीय सामूहिक विवाह मेला महोत्सव का आयोजन हो रहा है। जिसका प्रारंभ दिव्य ज्योति शोभायात्रा के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी उपस्थित रहे आयोजक मंडल द्वारा माल्यार्पण कर डॉ संदीप का स्वागत कर मंचासीन किया गया। बौद्ध भिक्षुओं द्वारा विद्यवत पूजन के पश्चात यात्रा का शुभारंभ हुआ। प्रातः 8 बजे से भगवान बुद्ध वंदना प्रिशरण पंचशील, 10 बजे से उपासक–उपासिकाओं को धम्म दीक्षा तत्पश्चात धम्म भिक्षुओं का भोजनदान कार्यक्रम रखा गया, शाम 5 बजे बौद्धगाथा वाचन हुआ जिसमें गायक के रूप में मुरैना की अंजली बीद्र उपस्थिति रहीं। 28 फरवरी को सामूहिक विवाह के साथ इस महोत्सव का समापन होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ० संदीप सरावगी ने कहा संत रविदास भारत के एक महान संत, समाज–सुधारक, कवि और ईश्वर के अनुयायी थे। वह संत परंपरा के एक चमकते नेतृत्वकर्ता थे, उनकी ईश्वर में असीम आस्था थी। उन्होंने समाज कल्याण के लिए कई आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश दिये। उनकी प्रसिद्ध कहावत मन चंगा तो कठौती में गंगा यह दर्शाती है कि हम स्वच्छ मन से कोई भी कार्य करेंगे तो उसमें सफलता पाना संभव नहीं है मात्र हमारी नियत साफ होनी चाहिए। हमारे देश में कई जातियां हैं और लगभग सभी जातियों में महापुरुषों ने जन्म लिए हैं जिन्होंने समाज को नई दिशा और दशा दी। यह इस बात का प्रमाण है की प्राचीन काल में छुआछूत जैसी अवधारणा नहीं थी लेकिन बाद में इन सामाजिक कुरीतियों को आरोपित किया गया। कुछ लोगों ने अपने लाभ के लिए सामाजिक कुरीतियों फैला कर हमारे बीच बटवारा किया जिससे वे लोग अपना वर्चस्व स्थापित कर सकें लेकिन आज का युवा वर्ग इन सभी कुरीतियों को दरकिनार कर एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश और समाज के विकास हेतु कार्य कर रहा है। जहां भी हमें इस प्रकार की कुरीतियों दिखाई दे हमें इसका पुरजोर विरोध करना चाहिये। इस भव्य आयोजन के लिए मैं आयोजक मंडल को धन्यवाद देता हूं साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। इस अवसर पर संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, राजू सेन, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, चंदन पाल, प्रमेन्द्र सिंह, नीरज सिहोते, राजीव सिंह त्रिलोक सिंह आदि उपस्थित रहे।



# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में ष्लेखा और वित्त क्षेत्र में स्टार्टअपरू भविष्य और अवसरष् विषय पर कार्यशाला आयोजित

झांसी। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल एवं इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से ष्लेखा और वित्त क्षेत्र में स्टार्टअपरू भविष्य और अवसरष् विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में विशेषज्ञ वक्ताओं ने खाता, वित्त और उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित करतें हुए छात्रों का ध्यान इन विषयों पर आकर्षित किया और उन्हें महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। वर्कशॉप में अनूज पाल सिंह (व्यापार विकास प्रबंधक,मनी यात्रा, झांसी) और नवीन अग्रवाल (शाखा प्रमुख, एचडीएफसी इर्गो, झांसी) जैसे प्रतिष्ठित वक्ताओं का समावेश था।इस वर्कशॉप का आयोजन बीकॉम, बीबीए, एमकॉम, एमबीए के छात्रों के लिए किया गया था जिसमे करीब 120 छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।कार्यकर्म की शुरूआत करते हुए डॉक्टर संदीप अग्रवाल समन्वयक ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने इस आयोजन की महत्वपूर्णता के बारे में छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें बताया कि यह वर्कशॉप उनके लिए क्यू महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्री अनुज पाल सिंह ने छात्रों को वित्तीय साक्षरता, म्यूचुअल फंड्स, शेयर बाजार और निवेश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी।वर्कशॉप के पूर्ण होने के बाद, एक साक्षात्कार दौर आयोजित किया गया जिसका प्रमुख आयोजन अनूज पाल सिंह और नवीन अग्रवाल ने किया,जो साक्षात्कार पैनलिस्ट थे। जहां छात्रों से उनके अकादमिक और रुचियों के बारे में साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार दौर के पूर्ण होने के बाद, कॉमर्स और मेनेजमेंट बैग्राउंड के कुल 15 छात्रों को एचडीएफसी इर्गो और मनी यात्रा के साथ इंटर्नशिप का मौका मिला।डॉक्टर संदीप अग्रवाल, समन्वयक ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और उनकी टीम ने पूरी कुशलता और प्रवीणता के साथ इस वर्कशॉप का आयोजन किया। कार्यकर्म में डॉक्टर संजय सेंगर, अंकित सिंह राठौर, संजय कुमार निषाद, प्रज्ञा सुमन, हर्षित श्रीवास्तव मौजूद रहे।



# तीसरी लाइन पर 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

झांसी! रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिक्षेत्र मुंबई प्रणजीव सक्सेना द्वारा मुरैना – हेतमपुर रेलखंड पर (15.80 किमी) नव निर्मित तीसरी लाइन का विस्तृत निरीक्षण व स्पीड ट्रायल किया गया निरीक्षण के दौरान उक्त रेल खंड के अंतर्गत आने वाले ट्रैक्शन, सिग्नल, गेट, व्म्, ब्रिज, ट्रैक, ट्रैक–पॉइंट्स आदि सभी इंस्टालेशन तथा उनकी कार्य क्षमता की गहनता से परख की गयी । इस दौरान उन्होंने इंस्पेक्शन कैरिज तथा मोटर ट्राली के माध्यम से सभी प्रकार के छोटे बड़े–नए संस्थापनों को बारीकी से देखा निरीक्षण उपरान्त सम्बंधित नव स्थापित ट्रैक पर 120 किमी प्रति घंटा की अधिक रफ्तार से स्पीड ट्रायल के माध्यम से ट्रैक की गुणवत्ता, राइडिंग क्वालिटी आदि की परख ली गयी । इस दौरान संरक्षा सम्बंधित सभी संस्थापनों का सघन निरीक्षण कर परख की गयी रेल संरक्षा आयुक्त की अनुमति के उपरान्त, यह नव निर्मित तीसरी लाइन रेल खंड यात्री गाड़ियों एवं मालगाड़ी के सुरक्षित, सुगम व गतिमय सञ्चालन हेतु उपलब्ध होगा । इस तीसरी लाइन के खंड के प्रारंभ होने से वीरांगना लक्ष्मीबाई धौलपुर रेल खंड पर गाड़ियाँ के सञ्चालन में सुगमता व तीव्रता आएगी तथा समय पालनता में निश्चित वृद्धि होगी उल्लेखनीय है झाँसी मंडल के धौलपुर–आगासौद तीसरी लाइन प्रोजेक्ट के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से अगासोद तक का कार्य (जाखलौन से धौर्रा छोड़कर) पूर्ण कर लिया गया है द्य इसके अतिरिक्त झाँसी धोलपुर के मध्य ग्वालियर– मुरैना, आन्तरी–डबरा और झांसी – दतिया रेलखंड पर तीसरी लाइन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है द्य दतिया– डबरा, और आंतरी–ग्वालियर रेलखंड पर तीसरी लाइन का कार्य प्रगति पर है



# सांसद हेमा मालिनी द्वारा स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु को किया सम्मानित

मथुरा। पुलिस लाइन सभागार में सांसद हेमा मालिनी द्वारा स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय भी मौजूद रहे।सांसद हेमा मालिनी द्वारा दिए गए प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही 2 वर्षीय कार्य योजना मिशन शक्ति के दौरान मथुरा जिले की स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट द्वारा पोक्सो अधिनियम के अन्तर्गत वादों का कुशल एवं दक्ष अभियोजन करते हुए आपके द्वारा तीन मामलों में अभियुक्त को फांसी की सजा से दंडित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की एवं अनेकों मामलों में बलात्कार के अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में शतत भूमिका अदा की, आपका यह कार्य अभियोजन के प्रति आपकी उत्कृष्ट समर्पण कार्य दक्षता एवं उच्च कोटि के विधिक ज्ञान को प्रदर्शित करता है। मथुरा जिले की सांसद होने के नाते मैं आपके इस महत्वपूर्ण कार्य की सराहना करती हूं, तथा यह आशा करती हूं कि आप इसी तरह महिलाओं की रक्षा के लिए और अधिक शतत प्रयास करेंगी और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निरंतर जारी रखेंगी। मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ।स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु ने कहा कि यह प्रशस्ति पत्र मेरे अधीनस्थ सरकारी सहयोगी एवं अभियोजन के अधिकारी व कर्मचारी आदि सभी के विशेष सहयोग से मिला है। मैं सभी को धन्यवाद देती हूं।



# ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा के परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम का हुआ सोशल ऑडिट

लईक सैफी

टाण्डा,परिषदीय विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को मिलने वाले मिड–डे मील का सोशल ऑडिट कराया जा रहा है।ऑडिट को स्कूल पहुंच रही टीम द्वारा अभिभावकों को बुलाकर एमडीएम योजना का फीड बैक लिया जा रहा है।गौरतलब है कि सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठ के बच्चों के लिए दोपहर में मिड–डे मील के तहत भोजन दिया जाता है। मिड–डे मील की जमीनी हकीकत को जानने के लिए शासन द्वारा सोशल ऑडिट कराये जाने का निर्णय लिया गया है।ब्लॉक के एआरपी सुभाषचंद्र ने बताया कि ऑडिट टीम द्वारा सत्र 2022–23 से संबंधित परिवर्तन लागत, मिड–डे–मील मद में विद्यालय को कितनी धनराशि प्राप्त हुई कितनी खर्च हुई,कितना खाद्यान्न गेहूँ व चावल प्राप्त हुआ, कितना गेहूँ चावल व्यय हुआ और कितना धन बचा तथा कितना व्यय हुआ,रसोइया मानदेय कब से कब तक प्राप्त हुआ, मिर्च मसाले, अनाजा भंडारण हेतु पर्याप्त बर्तन हैं या नहीं। बच्चों को खाने के लिए बर्तन हैं या नही हैं,किचन गार्डन है या नही, मिडडेमील शैड बना है या नही,पेयजल शौचालय आदि व्यवस्था सही है या नहीं आदि बिंदुओं पर फीड बैक लिया जा रहा है।ब्लॉक भगतपुर–टाण्डा के दस विद्यालयों को सोशल ऑडिट के लिए चिन्हित किया गया है।जिनमें संविलियन विद्यालय देवीपुरा, प्राथमिक विद्यालय दौलपुरी बमनिया, संविलियन विद्यालय रोशनपुर बहेड़ी, प्राथमिक विद्यालय लखनपुर लाड़पुर,प्राथमिक विद्यालय सेलाथान,प्राथमिक विद्यालय नकटपुरी कलां,उच्च प्राथमिक विद्यालय रानीनांगल व उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरखेडा मझरा का ऑडिट टीम द्वारा किया जा चुका है।





## नवाज सरीफ ने बताया नई सरकार की पहली प्राथमिकता क्या होगी ? कहा– फिक्स करना होगा



तख्तापलट की आशंका वाले पाकिस्तान में किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। शरीफ तीन बार प्रधानमंत्री बने लेकिन तीनों बार उन्हें मध्यावधि में हटा दिया गया।पाकिस्तान के पूर्व मंत्री नवाज शरीफ ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाली आगामी सरकार की प्राथमिकता खराब अर्थव्यवस्था को ठीकश करने की होगी क्योंकि नकदी संकट से जूझ रहे देश की सभी समस्याएं आर्थिक संकट से जुड़ी हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के सर्वोच्च नेता शरीफ ने 8 फरवरी के बाद पहली बार संसद भवन पहुंचने के बाद मीडिया से कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था को ठीक करने की कोशिश करेगी जिससे सब कुछ ठीक हो जाएगा। नाटकीय घटनाक्रम के बाद अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार के प्रधान मंत्री के रूप में नामित करने वाले नवाज शरीफ ने यह भी कहा कि वह चाहते हैं कि प्रत्येक नेशनल असेंबली, सीनेट और प्रधान मंत्री अपना संवैधानिक कार्यकाल पूरा करें। तख्तापलट की आशंका वाले पाकिस्तान में किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। शरीफ तीन बार प्रधानमंत्री बने लेकिन तीनों बार उन्हें मध्यावधि में हटा दिया गया। इससे पहले, पीएमएल–एन की संसदीय बैठक के लिए नेशनल असेंबली पहुंचने पर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार शहबाज शरीफ और उनकी पार्टी के अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कल होने वाले एनए के उद्घाटन सत्र के मामलों पर पीएमएल–एन की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय दानदाताओं और मित्र देशों की मदद से पाकिस्तान संभावित डिफॉल्ट से बच गया है लेकिन उसकी अर्थव्यवस्था अभी भी संकट में है। माना जा रहा है कि मौजूदा पैकेज के बाद एक और आईएमएफ कार्यक्रम की जरूरत होगी। देश की अर्थव्यवस्था पिछले कई वर्षों से तेजी से गिरावट की स्थिति में है,

जिससे गरीब जनता पर अनियंत्रित मुद्रास्फीति के रूप में अनकहा दबाव आ गया है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों के लिए दोनों जरूरतों को पूरा करना लगभग असंभव हो गया है।

## मेडिकल दवाओं की तस्करी का मामला, ब्रिटिश भारतीय कपल को प्रत्यर्पण का करना पड़ रहा सामना



इंग्लैंड के नॉटिंघमशायर में 23 एकड़ की संपत्ति पर रहने वाले 45 वर्षीय किरनजीत घुमन और 46 वर्षीय सुखीजीत सिंह घुमन को अमेरिकी प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर पिछले साल हिरासत में लिया गया था। वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट की अदालत में उपस्थित होकर, जोड़े ने अपनी पहचान और जन्मतिथि की पुष्टि की।उब्रिटिश–भारतीय जोड़े को भारत से अमेरिका में गैर–अनुमोदित चिकित्सा दवाओं की तस्करी के आरोप में लंदन की एक अदालत में आरोपों का सामना करना पड़ा। वे उन्हें प्रत्यर्पित कराने के अमेरिकी सरकार के प्रयास से लड़ रहे हैं। इंग्लैंड के नॉटिंघमशायर में 23 एकड़ की संपत्ति पर रहने वाले 45 वर्षीय किरनजीत घुमन और 46 वर्षीय सुखीजीत सिंह घुमन को अमेरिकी प्रत्यर्पण अनुरोधा के आधार पर पिछले साल हिरासत में लिया गया था। वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट की अदालत में उपस्थित होकर, जोड़े ने अपनी पहचान और जन्मतिथि की पुष्टि की।

उनकी प्रत्यर्पण सुनवाई 16 सितंबर से तीन दिनों के लिए निर्धारित है। उनकी जमानत शर्तों के तहत, जोड़े को आधी रात से सुबह 6 बजे तक घर पर रहना होगा। उनके पासपोर्ट, यूएस ग्रीन कार्ड और किरनजीत का भारतीय आईडी कार्ड पुलिस ने जब्त कर लिया है। इसके अतिरिक्त, सुखीजीत को दुबई का कोई भी पहचान पत्र सरेंडर करना होगा। उन्हें हर बुधवार को पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करना होगा, रात भर घर पर रहना होगा और यात्रा दस्तावेजों के लिए आवेदन करने या देश छोड़ने से बचना होगा। प्रत्येक ने सुरक्षा जमा के रूप में ख150,000 जमा किया है। अमेरिका का लक्ष्य उन्हें देश में चिकित्सा दवाओं की तस्करी, विभिन्न राज्यों में गैर–अनुमोदित दवाओं को वितरित करने और स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी, वायर धोखाधड़ी और चिकित्सा दवाओं के गैरकानूनी वितरण में शामिल होने के आरोपों का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित कराना है। आरोपों से पता चलता है कि उन्होंने कैलिफोर्निया और एरिजोना में ऑक्टेवियन के अध्यक्ष और सीईओ सुखीजीत के स्वामित्व वाले मेडिकल क्लीनिकों में इलाज किए गए कैंसर और रुमेटोलॉजी रोगियों के लिए भारत से अमेरिका में चिकित्सा दवाओं की तस्करी की साजिश रची।

## महत्वपूर्ण सत्र से पहले चीनी संसद में क्या हो गया ? बर्खास्त चीनी मंत्री किन गैंग ने अपनी सदस्यता से दिया इस्तीफा



राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी विश्वासपात्र माने जाने वाले 57 वर्षीय किन को सात महीने के कार्यकाल के बाद जुलाई में एक बड़े राजनीतिक आश्चर्य में बर्खास्त कर दिया गया था। बाद में एनपीसी ने एक प्रस्ताव पारित कर किन को बर्खास्त कर दिया और उनके पूर्ववर्ती वांग यी को फिर से नियुक्त किया। पिछले साल अनौपचारिक रूप से बर्खास्त किए जाने के बाद लापता होने वाले पूर्व चीनी विदेश मंत्री किन गैंग ने अगले सप्ताह चीन की राष्ट्रीय विधायिका के प्रमुख वार्षिक सत्र से पहले इस्तीफा दे दिया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थायी समिति ने मंगलवार को यहां अपना सत्र समाप्त कर एक बयान में कहा कि तियानजिन म्यूनिसिपल पीपुल्स कांग्रेस ने आगामी वार्षिक संसदीय सत्र में एक प्रतिनिधि के रूप में किन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंडे की नियमित मंजूरी के लिए एनपीसी को चीन की रबर–स्टैंप संसद माना जाता है, जिसका वार्षिक सत्र 5 मार्च को शुरू होने वाला है, जिसमें कई नए कानूनों पर कानून बनाया जाएगा और देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के कदमों पर चर्चा की जाएगी, जो मंदी में है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, एनपीसी के बयान में कहा गया है कि किन को एनपीसी से बर्खास्त या निष्कासित नहीं किया गया है, बल्कि उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी विश्वासपात्र माने जाने वाले 57 वर्षीय किन को सात महीने के कार्यकाल के बाद जुलाई में एक बड़े राजनीतिक आश्चर्य में बर्खास्त कर दिया गया था। बाद में एनपीसी ने एक प्रस्ताव पारित कर किन को बर्खास्त कर दिया और उनके पूर्ववर्ती वांग यी को फिर से नियुक्त किया, जो सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के विदेश मामलों के आयोग के निदेशक भी हैं। यह पहली बार है जब किन का नाम एनपीसी से उनके इस्तीफे के रूप में सामने आया, जिसे तकनीकी आवश्यकता माना जाता है।

## लाल सागर में जहाजों पर नहीं थमे हमले, हूती ने किया साफ, इजरायली आक्रामकता रुकने पर ही सोचेंगे



हूती प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुलसलाम ने रॉयटर्स को बताया कि यदि गाजा की घेराबंदी समाप्त हो जाती है और मानवीय सहायता प्रवेश के लिए स्वतंत्र है तो स्थिति का फिर से आकलन किया जाएगा। यमन के हूती ने कहा कि वे लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय नौवहन पर अपने मिसाइल और ड्रोन हमलों पर केवल तभी पुनर्विचार कर सकते हैं जब इजराइल गाजा पट्टी में अपनी आक्रामकता समाप्त कर दे। यह पूछे जाने पर कि यदि युद्धविराम समझौता हो जाता है तो क्या वे हमले रोक देंगे? हूती प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुलसलाम ने रॉयटर्स को बताया कि यदि गाजा की घेराबंदी समाप्त हो जाती है और मानवीय सहायता प्रवेश के लिए स्वतंत्र है तो स्थिति का फिर से आकलन किया जाएगा। एक और संदिग्ध हमले की नई रिपोर्टों से पहले उन्होंने कहा कि गाजा पर इजरायली आक्रामकता और घेराबंदी बंद होने के अलावा फिलिस्तीनी लोगों की मदद करने वाले किसी भी अभियान को नहीं रोका जाएगा। ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा फर्म एंब्रे ने एक सलाहकार नोट में कहा, मार्शल आइलैंड्स–ध्वजांकित, ग्रीक स्वामित्व वाले थोक वाहक ने को बताया कि एक मिसाइल ने जहाज से 3 समुद्री मील की दूरी पर पानी में हमला किया, जो यमन के होदेइदाह से 63 समुद्री मील उत्तर–पश्चिम में स्थित था। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने भी घटना पर अलर्ट भेजा, जिसमें कहा गया कि चालक दल और जहाज सुरक्षित हैं और कॉल के अगले बंदरगाह पर जा रहे हैं।

## थैंक यू पीआईए... कनाडा जाने के बाद वापस क्यों नहीं लौटती पाकिस्तानी एयरहोस्टस ?



मरियम रजा का था, जो पीआईए के साथ काम करती थीं और 26 फरवरी को इस्लामाबाद से उड़ान लेकर टोरंटो पहुंची थीं। लेकिन एक दिन बाद कराची की अपनी वापसी उड़ान पर ड्यूटी के लिए रिपोर्ट नहीं कीं। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की एयरहोस्टस कनाडा एयरपोर्ट पर उतरने के बाद लापता हो गई। तलाशी के बाद टोरंटो के एक होटल के कमरे में एक नोट मिला, जिस पर धन्यवाद, पीआईए लिखा था। इस तरह का प्रशंसा नोट कोई भी फ्लाइट अटेंडेंट एक अच्छी और आरामदायक यात्रा के बाद एक फ्लायर से पाने की उम्मीद करता है। हालाँकि, धन्यवाद, पीआईएश्कहने वाला नोट वास्तव में किसी संतुष्ट फ्लायर द्वारा नहीं बल्कि एक एयर होस्टेस द्वारा लिखा गया था। एयर होस्टस कनाडा पहुंचने के बाद वापसी की उड़ान के लिए रिपोर्ट करने में विफल रही। यह नोट मरियम रजा का था, जो पीआईए के साथ काम करती थीं और 26 फरवरी को इस्लामाबाद से उड़ान लेकर टोरंटो पहुंची थीं। लेकिन एक दिन बाद कराची की अपनी वापसी उड़ान पर ड्यूटी के लिए रिपोर्ट नहीं कीं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, जब मरियम की तलाश कर रहे अधिकारियों ने उसके होटल के कमरे को खोला, तो उन्हें श्धन्यवाद, पीआईएश नोट के साथ उसकी पीआईए वर्दी मिली। मरियम रजा पीआईए क्रू सदस्य के कनाडा में गायब होने का अकेला उदाहरण नहीं है। दरअसल, वह सिर्फ एक ट्रेंड को फॉलो कर रही थीं। मरियम का लापता होना जनवरी 2024 में कनाडा में पीआईए फ्लाइट अटेंडेंट फैजा मुख्तार के लापता होने के ठीक एक महीने बाद हुआ है। पीआईए क्रू के सदस्य 2018 से कनाडा में शरण मांग रहे हैं चालक दल के सदस्यों, मरियम और फैजा का गायब होना वास्तव में पीआईए के लिए एक चिंताजनक प्रवृत्ति है, जो खुद वित्तीय और विश्वसनीयता के नुकसान से जूझ रही है। मरियम का गायब होना 2024 में इस तरह का दूसरा मामला है। यह शायद अब वह पीआईए नहीं है जिसे 1962 में जैकलीन कैनेडी ने ष्उड़ान भरने के लिए महान लोगोंष कहा था। तब से यह पीआईए का नारा बन गया है।

## 1 मार्च को मास्को में होगा नवलनी का अंतिम संस्कार, मृत्यु का कारण अभी भी अज्ञात



रूसी अधिकारियों ने कहा कि 47 साल की उम्र में उनकी मृत्यु का कारण अभी भी अज्ञात है और किसी भी जांच के नतीजे पर विदेश में सवाल उठाए जाने की संभावना है। कई पश्चिमी नेता पहले ही कह चुके हैं कि वे उनकी मौत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जिम्मेदार मानते हैं। रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का अंतिम संस्कार शुक्रवार 1 मार्च को मास्को में होगा। नवलनी की इस महीने की शुरुआत में सुदूर आर्कटिक दंड कॉलोनी में मृत्यु हो गई थी। किरा यर्मिश ने कहा कि उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार दोपहर को मॉस्को के दक्षिणपूर्व मैरीनो जिले के एक चर्च में किया जाएगा। दफन पास के कब्रिस्तान में होना है। नवलनी की फरवरी के मध्य में रूस की सबसे कठोर दंड सुविधाओं में से एक में मृत्यु हो गई। रूसी अधिकारियों ने कहा कि 47 साल की उम्र में उनकी मृत्यु का कारण अभी भी अज्ञात है और किसी भी जांच के नतीजे पर विदेश में सवाल उठाए जाने की संभावना है। कई पश्चिमी नेता पहले ही कह चुके हैं कि वे उनकी मौत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जिम्मेदार मानते हैं। रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का शव उनकी मां को सौंप दिया गया था। नवलनी के भ्रष्टाचार–रोधी फाउंडेशन के निदेशक इवान जदानोव ने अपने टेलीग्राम अकाउंट पर यह घोषणा की। साथ ही इवान ने उन सभी लोगों का आभार जताया, जिन्होंने नवलनी का शव उनकी मां को सौंपे जाने की रूसी अधिकारियों से मांग की। नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नवलनी की मृत्यु के बाद गुप्त रूप से उनका अंतिम संस्कार करने के लिए विपक्षी नेता की मां को मजबूर करने की कोशिश की, जो ईसाई धर्म का मजाक उड़ाने जैसा है।

## कोई समझौता नहीं होने वाला है...जो बाइडेन के दावे से उलट है इजरायल और हमास दोनों का रुख

7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के मद्देनजर, गाजा में इजराइल के हवाई, समुद्री और जमीनी अभियान में हजारों लोग मारे गए, शहरी परिदृश्य का बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया और प्रभावित क्षेत्र की 80 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई। इजराइल और हमास ने गाजा में संघर्ष विराम के लिए वार्ता की संभावनाओं को कम कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि इजराइल मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान अपने आक्रमण को रोकने के लिए सहमत हो गया है, अगर कुछ लोगों को रिहा करने के लिए समझौता हो जाता है। राष्ट्रपति की टिप्पणी मिशिगन प्राथमिक की पूर्व संध्या पर आई, जहां उन्हें इजराइल के आक्रामक के प्रति अपने कट्टर समर्थन को लेकर राज्य की बड़ी अरब अमेरिकी आबादी के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। बाइडेन ने कहा कि उन्हें उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, जेक सुलिवन द्वारा वार्ता की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई थी, लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणियाँ एक समझौते के लिए उनके आशावाद को दर्शाती हैं, न कि यह कि सभी शेष बाधाएं दूर हो गई हैं। 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के मद्देनजर, गाजा में इजराइल के हवाई, समुद्री और जमीनी अभियान में हजारों लोग मारे गए, शहरी परिदृश्य का बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया और प्रभावित क्षेत्र की 80 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, क्षेत्र पर इजराइल की सील, जो केवल भोजन और अन्य सहायता की अनुमति देती है, ने चिंता पैदा कर दी है कि




अकाल आसन्न हो सकता है। सुरक्षित गलियारों की कमी के कारण संयुक्त राष्ट्र के ट्रकों से सहायता पहुंचाने में बाधा आ रही है, ऐसे में मिस्र, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और फ्रांस ने मंगलवार को गाजा में भोजन, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य सहायता की हवाई बूंदें गिराईं। दक्षिणी गाजा के एक समुद्र तट पर, सैन्य विमानों से गिराए गए आपूर्ति के बक्से पैराशूट पर नीचे गिर गए क्योंकि हजारों फिलिस्तीनी उन्हें वापस लेने के लिए रेत के किनारे दौड़ रहे थे।

## भारत के पड़ोसी देश में घुसे 3 लाख रूसी और 20 हजार यूक्रेनी, मच गया बवाल



आव्रजन अधिकारियों ने श्रीलंका के पर्यटन मंत्रालय को एक नोटिस जारी किया है कि रूसी और यूक्रेनी पर्यटकों को 23 फरवरी से शुरू होने वाले दो सप्ताह के भीतर द्वीप राष्ट्र छोड़ देना चाहिए क्योंकि उनके वीजा की अवधि समाप्त हो गई है। भारत के पड़ोसी देश में रूस और यूक्रेन के लाखों लोग घुस आए हैं। यूक्रेन और रूस जंग के बीच इन दोनों देशों के लोग बड़ी संख्या में जहां होंगे वहां बवाल होना तय है। अब भारत के पड़ोसी देश को इसी बवाल का डर सता रहा है। ये देश श्रीलंका है जहां रूस और यूक्रेन के लाखों लोग आ गए हैं। हालात ये हो गई है कि श्रीलंका ने इन लोगों को जल्द ही देश छोड़ने के लिए कहा है। श्रीलंका ने यूक्रेन युद्ध के कारण समाप्त हो चुके विस्तारित वीजा पर द्वीप राष्ट्र में रह रहे हजारों रूसियों और यूक्रेनियों को दो सप्ताह के भीतर छोड़ने के लिए कहा है। यह निर्णय सोशल मीडिया पर अवैध रूप से चल रहे रूसी–संचालित व्यवसायों और केवल श्वेत नीति के साथ संचालन करने और स्थानीय लोगों को अनुमति नहीं देने पर प्रतिक्रिया के बीच आया है। आव्रजन अधिकारियों ने श्रीलंका के पर्यटन मंत्रालय को एक नोटिस जारी किया है कि रूसी और यूक्रेनी पर्यटकों को 23 फरवरी से शुरू होने वाले दो सप्ताह के भीतर द्वीप राष्ट्र छोड़ देना चाहिए क्योंकि उनके वीजा की अवधि समाप्त हो गई है। वीजा खत्म होने के बाद भी श्रीलंका में टिके 3 लाख रूसी और 20 हजार यूक्रेनी श्रीलंका पहुंच गए। श्रीलंकाई पर्यटन मंत्रालय ने कहा कि उन्हें रूसियों और यूक्रेनियन लोगों द्वारा लंबे समय तक श्रीलंका में रहने और अपने रेस्तरां और नाइट क्लब स्थापित करने, विदेशियों को रोजगार देने और स्थानीय प्रणालियों को दरकिनार करते हुए सेवाओं के लिए भुगतान विधियों का उपयोग करने की शिकायतें मिली हैं। श्रीलंका के पर्यटन मंत्री हरिन फर्नांडो ने डेली मिरर को बताया कि मंत्रालय को कुछ रूसियों के देश के दक्षिणी हिस्से में अवैध कारोबार चलाने की शिकायतें मिली थीं। द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि आव्रजन विभाग के साथ परामर्श

## मालदीव से लौट रहे सैनिक, अचानक माले पहुंची भारत की टेक्निकल टीम, जानें वजह

मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने देर रात कहा कि भारतीय नागरिकों की पहली टीम आ गई है और देश के सबसे दक्षिणी एटोल अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन संभालेगी। सैन्य कर्मियों के पहले बैच के 10 मार्च तक मालदीव छोड़ने की उम्मीद से ठीक दो हफ्ते से भी कम समय पहले भारतीय तकनीकी कर्मियों की पहली टीम द्वीप राष्ट्र में पहुंच गई है। ये टीम विमानन प्लेटफार्मों का संचालन करेगी। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने देर रात कहा कि भारतीय नागरिकों की पहली टीम आ गई है और देश के सबसे दक्षिणी एटोल अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन संभालेगी। बयान में कहा गया है कि दोनों सरकारों की सहमति के अनुसार अड्डू में तैनात भारतीय सैन्यकर्मी 10 मार्च तक चले जाएंगे। बयान में यह भी कहा गया है कि बुधवार तक भारत से एक प्रतिस्थापन हेलीकॉप्टर भी आ जाएगा और नागरिक टीम इसके संचालन को संभालने के लिए प्रशिक्षण अभ्यास शुरू कर देगी। 2 फरवरी को दोनों देशों ने फैसला किया था कि भारत मार्च से मई के बीच मालदीव से अपने सैन्यकर्मियों को वापस बुला लेगा। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने 8 फरवरी को कहा था कि वर्तमान कर्मियों को सक्षम भारतीय तकनीकी कर्मियों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। वे द्वीप राष्ट्र में दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान का संचालन जारी रखेंगे। यह 2 फरवरी को नई दिल्ली में भारतीय और मालदीव के अधिकारियों के बीच उच्च स्तरीय कोर ग्रुप की दूसरी बैठक का मुख्य निष्कर्ष था।

# ध्रुव जुरेल और गिल-यशस्वी को बड़ा फायदा, रोहित-कोहली को घाटा



भारत के युवा विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने बल्लेबाजों की सूची में लंबी छलांग लगाई है। जुरेल भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में खेले गए टेस्ट मैच के बाद 31 पायदान ऊपर 69वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 461 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने रांची में खेले गए चौथे टेस्ट में कमाल की बल्लेबाजी की थी। आईसीसी ने बुधवार को टेस्ट प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इसमें भारत के युवा विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने बल्लेबाजों की सूची में लंबी छलांग लगाई है। जुरेल भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में खेले गए टेस्ट मैच के बाद 31 पायदान ऊपर 69वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 461 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने रांची में खेले गए चौथे टेस्ट में कमाल की बल्लेबाजी की थी। जुरेल ने पहली पारी में मुश्किल हालात में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाए। उन्होंने शुभमन गिल के साथ 72 रन की अटूट साझेदारी कर भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई थी। जुरेल प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल और गिल को भी फायदा हुआ है। यशस्वी तीन स्थान ऊपर यानी 12वें नंबर पर पहुंच गए हैं, जो उनके करियर बेस्ट टेस्ट रैंकिंग हैं। उनके फिलहाल 721 रेटिंग अंक हैं। यशस्वी ने आखिरी मैच में 73 और 37 रन का योगदान दिया। वन डाउन उतरे गिल ने रांची में 38 रन के अलावा नाबाद 52 रन की बेहद अहम पारी खेली थी। जिसके बाद वो चार पायदान चढ़कर 31वें पर चले गए हैं। उनके 616 अंक हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा (720 अंक) को एक स्थान और विराट कोहली (744 अंक) को दो स्थान का नुकसान झेलना पड़ा है। इसके साथ ही रोहित शर्मा 13वें और विराट कोहली 9वें नंबर पर खिसक गए हैं। कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज नहीं खेल रहे हैं। फिलहाल भारत ने सीरीज में 3–1 की अजेय बढ़त बना ली है।

# केन विलियमसन तीसरी बार बने पिता, पत्नी सारा ने बेटी को दिया जन्म






न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन के घर एक बार फिर बच्चे की किलकारियां गूंजी हैं। दरअसल, केन की पत्नी सारा ने बेटी को जन्म दिया है जिसके बाद कीवी बल्लेबाज तीसरी बार पिता बने हैं। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है।केन विलियमसन तीसरी बार बने पिता, पत्नी सारा ने बेटी को दिया जन्म न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन के घर एक बार फिर बच्चे की किलकारियां गूंजी हैं। दरअसल, केन की पत्नी सारा ने बेटी को जन्म दिया है जिसके बाद कीवी बल्लेबाज तीसरी बार पिता बने हैं। इसकी पुष्टि खुद कीवी बल्लेबाज ने दी है। केन विलियमसन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि, और अब यहां तीसरा, इस दुनिया में तुम्हारा स्वागत है खूबसूरत बेटी। इससे पहले केन एक बेटे और एक बेटी के पिता हैं, जिनका जन्म 2020 और 2022 में हुआ। ऐसे में उनका अब पांच लोगों का परिवार हो गया है। फिलहाल, केन अभी क्रिकेट से दूर अपनी पत्नी और बच्ची के पास हैं। केन ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज से अलग हुए थे। हालांकि, वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दौरान टीम के साथ ही थे और वह फॉर्म में भी थे। साउथ अफ्रीका पर उन्होंने ऐतिहासिक पहली टेस्ट सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। उस सीरीज के दौरान, केन ने अपनी असाधारण बल्लेबाजी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए तीन शतक बनाए। टेस्ट क्रिकेट में उनका 30वां, 31वां और 32वां शतक था। इस उपलब्धि के बाद सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए और वो इस लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं।

# आई पीएल 2024 से पहले एमआई के फैंस के लिए कप्तान हार्दिक पंड्या का खास संदेश





मुंबई इंडियंस अपने नए कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ छठे खिताब की उम्मीद लेकर उतरेगी। उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तानी सौंपी गई है। जिस कारण उन पर दबाव भी होगा। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले हार्दिक ने मुंबई इंडियंस फैंस के लिए स्पेशल मैसेज दिया है। आईपीएल 2024 शुरू होने में अब एक महीने से कम का समय रह गया है। मुंबई इंडियंस अपने नए कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ छठे खिताब की उम्मीद लेकर उतरेगी। उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तानी सौंपी गई है। जिस कारण उन पर दबाव भी होगा। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले हार्दिक ने मुंबई इंडियंस फैंस के लिए स्पेशल मैसेज दिया है। मुंबई इंडियंस के फैंस सोशल मीडिया पर इस बार दो भागों में बंटे हुए नजर आ रहे हैं। जहां कुछ फैंस रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने पर खफा हैं तो तो कुछ को पंड्या पर भरोसा है कि वह टीम को छठी बार खिताब दिलाएंगे। हालांकि, हार्दिक इसी टीम से रोहित की कप्तानी में पहले खेल चुके हैं, लेकिन इस बार रोहित को उनकी कप्तानी में खेलने देखना दिलचस्प होगा। स्टार स्पोर्ट्स के साथ कोलैबोरेट कर युट्यूबर अनुराग डोभाल ने हार्दिक पंड्या के साथ बातचीत की। इस दौरान इस बातचीत में हार्दिक पंड्या ने ड॰ फैंस को मैसेज दिया। उन्होंने कहा कि, हमें सपोर्ट करते रहना, बहुत ढेर सारा प्यार करो। पूरी कोशिश करेंगे कि आप सभी को एंटरटेन करें और एक अच्छा ब्रांड ऑफ क्रिकेट खेलें। और ये मजेदार होगा, जैसा आप जानते हो। 2015 में हार्दिक पंड्या ने आईपीएल डेब्यू किया, उन्होंने एमआई के लिए 2021 तक खेला। इसके बाद वह गुजरात टाइटंस में चले गए, जहां अपनी कप्तानी में उन्होंने पहला ही सीजन खिताब जीता। दूसरे सीजन में हार्दिक की कप्तानी में टीम फाइनल में पहुंची, लेकिन चेन्नई के हाथों हार गई। लगातार 2 अच्छे सीजन के बाद भी हार्दिक पंड्या ने गुजरात छोड़ दी और मुंबई में लौट लाए, उसके बाद टीम ने उन्हें अपना नया कप्तान चुना। हार्दिक ने आईपीएल में खेले अभी तक 123 मैचों में 2309 रन बनाए हैं, इसमें 10 अर्धशतक शामिल हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की होगी वापसी, धर्मशाला में खेला जाएगा मुकाबला




आखिरी टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन में जसप्रीत बुमराह की वापसी होने की संभावना है। इस टॉप तेज गेंदबाज को वर्कलोड मैनेज के कारण रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। हालांकि, अब जब सीरीज खत्म हो चुकी है तो टीम इंडिया खिलाड़ियों को आराम देने की अपनी नीति जारी रखेगी। धर्मशाला टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन में जसप्रीत बुमराह की वापसी होने की संभावना है। इस टॉप तेज गेंदबाज को वर्कलोड मैनेज के कारण रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। हालांकि, अब जब सीरीज खत्म हो चुकी है तो टीम इंडिया खिलाड़ियों को आराम देने की अपनी नीति जारी रखेगी। वहीं क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार कुछ अन्य खिलाड़ियों को आराम दिए जाने से बुमराह की शुरुआती एकादश में वापसी होगी। भारत के तेज आक्रामण की अगुवाई बुमराह ही करेंगे। हालांकि, वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण भारतीय उपकप्तान को टेस्ट टेस्ट में आराम दिया गया था। लेकिन अब जब सीरीज कुछ और दिनों के ब्रेक के साथ खत्म होगी तो बुमराह एक्शन में लौटेंगे। रांची टेस्ट में बुमराह की गैरमौजूदगी में बंगाल के गेंदबाज आकाश दीप को टेस्ट डेब्यू का मौका मिला था। जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम दिया। उन्होंने सिराज के साथ जोड़ी बनाई और बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं ध र्मशाला में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की स्थिति में बुमराह की वापसी तय मानी जा रही है।

# धर्मशाला टेस्ट से पहले भारत को बड़ा झटका, इलाज के लिए लंदन पहुंचे-केएल राहुल



7 मार्च से धर्मशाला में भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट मैच खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के बल्लेबाज केएल राहुल अब अपनी चोट का इलाज कराने लंदन चले गए हैं। जिससे उनका आखिरी टेस्ट में खेलना असंभव है। भारत के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे। दरअसल, उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। जिस कारण अब वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। भारतीय टीम सीरीज जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिये उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा कि, वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है। आईपीएल में लगी इस चोट के कारण राहुल पिछले साल चार महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में उन्होंने शतक जमाया। राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। वहीं रांची टेस्ट में आराम दिये जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

# श्रेयस अय्यर पूरी तरह फिट, रणजी ट्राफी सेमीफाइनल में मुंबई के लिए खेलेंगे

श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी 2024 में मुंबई के सेमीफाइनल मुकाबले में चयन के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। उनकी तरफ से ये फैसला पीठ की समस्याओं का हवाला देते हुए पिछले मैच से बाहर होने के बाद आया है। आखिरकार भारतीय टीम के बल्लेबाज



श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी 2024 में मुंबई के सेमीफाइनल मुकाबले में चयन के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। उनकी तरफ से ये फैसला पीठ की समस्याओं का हवाला देते हुए पिछले मैच से बाहर होने के बाद आया है। एनसीए ने उस समय स्पष्ट कर दिया था कि टीम इंडिय छोड़ने के बाद बल्लेबाज को कोई ताजा चोट नहीं लगी है और वह फिट है। वहीं टीओआई के एक सूत्र ने बताया कि, हां श्रेयस अय्यर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को पुष्टि की है। साथ ही कहा है कि वह अब फिट हैं और मुंबई के सेमीफाइनल मैच के लिए उपलब्ध हैं। बता दें कि, 2 मार्च से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2024 सेमीफाइनल में मुंबई का मुकाबला तमिलनाडु से होगा। अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में 35, 13, 27 और 29 रन बनाए। इससे पहले कि उन्हें सीरीज से बचे बाकी मुकाबलों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया। अय्यर पिछले 12 महीने से पीठ की ऐंठन से जूझ रहे हैं। साथ ही बल्लेबाज की पिछले साल मार्च में पीठ की सर्जरी हुई थी और वह पूरे आईपीएल 2023 और डब्ल्यूटीसी फाइनल से चूक गए थे। एशिया कप 2023 के लिए अय्यर की टीम में वापसी हुई लेकिन पीठ में ऐंठन के कारण उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर कर दिया गया।

# 3 महीने बाद पेंद झपेंद ने की मैदान पर वापसी, बनाए महज 19 रन

मंगलवार को ईशान ने डीवाई पाटिल कप 2024 रुट मोबाइल लिमिटेड के खिलाफ आरबीआई का नेतृत्व किया। करीब तीन महीने बाद ईशान किशन मैदान पर उतरे हैं। उन्होंने पिछले साल अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन पिछले तीन महीने बाद क्रिकेट खेलते हुए नजर आए। मंगलवार को ईशान ने डीवाई पाटिल कप 2024 रुट मोबाइल लिमिटेड के खिलाफ आरबीआई का नेतृत्व किया। करीब तीन महीने बाद ईशान किशन मैदान पर उतरे हैं। उन्होंने पिछले साल अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था,

# ऊनी कपड़े रखते समय जरूर रखें इन बातों का ध्यान, हमेशा दिखेंगे नए जैसे



जैसे ही सर्दियां खत्म होने वाली होती हैं, हम लोग अब अपने गर्म कपड़े, खासकर ऊनी कपड़े, संभाल कर रखने की सोचते हैं. ये ऊनी कपड़े जो सर्दियों में हमें गर्म रखते हैं, उन्हें अब अगले साल तक के लिए अलमारी में जगह देनी होती है. लेकिन, इन्हें बस यूं ही कहीं भी रख देने से पहले, कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है. ऊनी कपड़े की देखभाल में थोड़ी सी लापरवाही इन्हें खराब कर सकती है. ऊनी कपड़ों को लम्बे समय तक नए जैसा बनाए रखने के लिए आइए देखें कि इन कपड़ों को सहेजते समय हमें किन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए.

साफ सफाई

जब भी आप ऊनी कपड़े पहनकर उतारें, तो पहले उन्हें अच्छे से झटक कर साफ कर लें ताकि उनमें फंसी धूल और मिट्टी बाहर निकल जाए. ये एक छोटा सा काम लग सकता है, लेकिन इससे आपके कपड़े ज्यादा समय तक अच्छे और साफ रहते हैं. फिर, जब सर्दी का मौसम खत्म हो जाए, तो एक बार सभी ऊनी कपड़ों को ड्राई क्लीन करवा लेना चाहिए. ड्राई क्लीनिंग से न सिर्फ गंदगी और दाग धुल जाते हैं, बल्कि ये कपड़े फिर से नए जैसे चमकने लगते हैं.इस तरह से आपके कपड़े अगले सर्दियों तक सुरक्षित और ताजे रहेंगे.

सही तरीके से तह

अपने ऊनी कपड़ों को सही तरीके से रखने के लिए, उन्हें हमेशा तह करके रखें, हैंगर पर नहीं. तह करने से कपड़ों में खिंचाव नहीं आता और वो अपने असली आकार में बने रहते हैं. इस सिंपल ट्रिक से आपके कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखते रहेंगे.

मोथ बॉल्स का इस्तेमाल

ऊनी कपड़ों को मोथ और अन्य कीड़ों से बचाने के लिए, उनके साथ मोथ बॉल्स रखना बहुत जरूरी है. मोथ बॉल्स कपड़ों को सुरक्षित रखते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि वे साफ और अच्छी स्थिति में बने रहें.

वायुयुक्त बैग्स में रखें

ऊनी कपड़ों को अगर आप वायुरोधी बैग्स में रखते हैं, तो इससे उनमें नमी नहीं आती और वे लंबे समय तक बिल्कुल नए जैसे बने रहते हैं. ये बैग्स आपके कपड़ों को ताजा और साफ सुथरा रखते हैं.

# लगातार हो रहे पैरों के दर्द को न करें नजरअंदाज, जानें दिल की बीमारी से क्या है कनेक्शन ?



पैरों में हो रहे लगातार दर्द को नजरअंदाज करने की भूल कभी भी न करें, क्योंकि ये दिल की बीमारी के संकेत हो सकते हैं. इसे लेकर जरा सी भी लापरवाही हार्ट पर बुरा प्रभाव डाल सकता है और हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ सकता है. अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कई बार हार्ट डिजीज के शुरुआती लक्षण पैरों में नजर आते हैं लेकिन लोग उन पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं. इनमें पैरों में दर्द, सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं. आइए जानते हैं हार्ट और पैरों के बीच क्या कनेक्शन है...

हार्ट डिजीज के लक्षण

कंधों और पीठ में दर्द

ज्यादा थकान होना

पेट की परेशानी, खट्टी डकार आना

सांस लेने में दिक्कत, बाहों में लगातार दर्द

उल्टी और चक्कर आना

बहुत ज्यादा पसीना निकलना

हार्ट और पैर के बीच क्या कनेक्शन है

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हार्ट और पैरों के बीच गहरा कनेक्शन होता है. हार्ट से जुड़ी समस्याएं पैरों के साथ ओवरऑल हेल्थ पर असर डाल सकता है. हार्ट की पंपिंग, पीएडी धमनी जैसी बीमारी से ये प्रभावित हो सकती हैं. इससे पैरों में ब्लड सर्कुलेशन कम हो सकता है और सूजन आ सकती है. जब पैरों को पंप किए गए ब्लड से ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है तो गंभीर समस्याएं हो सकती हैं.पैरों के दर्द को न करें इग्नोर हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, पैरों में दर्द और सूजन के कई कारण हो सकते हैं. उनमें हार्ट प्रॉब्लम भी शामिल है. इसलिए कभी भी पैरों में दर्द को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है. कोरोनरी आर्टरी डिजीज होने पर भी हार्ट डिजीज का खतरा पैदा हो सकता है, जिसका प्रभाव पैरों पर पड़ता है.पैरों की देखभाल कैसे करें पैरों को हेल्दी बनाए रखने के लिए नियमित व्यायाम करें.आहार सही बनाएं.पैरों की अच्छी तरह देखभाल करें.

पैरों में दर्द से राहत पाने के लिए हल्के गर्म पानी में सिंकाई करें.

पैरों में सूजन, दर्द या दूसरी समस्याएं होने पर डॉक्टर को दिखाएं.

# अनियंत्रित बस ने युवक को मारी टक्कर, हुई मौत



ब्यूरो देवरिया देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे मंगलवार की रात 9. 30 बजे के करीब में अपने दोस्त को छोड़कर वापस लौट रहे युवक को अनियंत्रित बस ने मारी टक्कर जिसमें युवक की गंभीर चोट आई अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया युवक का नाम भीमा यादव पुत्र रामानंद यादव ग्राम जंगल इमलिया थाना रुद्रपुर के रहने वाले हैं मृतक युवक को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।

# देवरिया में एसपी संकल्प शर्मा ने चलाया तबादला एक्सप्रेस

ब्यूरो देवरिया

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे एसपी संकल्प शर्मा ने चलाया तबादला एक्सप्रेस जिसमे 7 निरीक्षक,उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र बदले थानाध्यक्ष अर्चना सिंह को भलूवनी थाने का बनाया इंचार्ज SHO भलुअनी को सुरौली थाने की दी जिम्मेदारी संतोष कुमार को PRO पुलिस अधीक्षक बनाया महेंद्र कुमार चतुर्वेदी को खघमपार थाने की सौंपी कमान

# शुआटस के निदेशक विनोद बिहारी लाल की भी जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता

प्रयागराज। जानलेवा हमला करने के आरोपी शुआटस के कुलपति आरबी लाल की जमानत अर्जी खारिज होने के बाद आज उनके निदेशक भाई विनोद बिहारी लाल को भी झटका लगा है। एडीजे आलोक दुबे ने बचाव पक्ष के वकीलों तथा डीजीसी गुलाब चंद्र अग्रहरी और एडीजीसी राजकुमार सिंह को सुनने के बाद पर्याप्त आधार न पाते हुए उसकी जमानत अर्जी को भी खारिज कर दिया है।

अभियोजन के मुताबिक मामला यह है कि दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने 31 दिसंबर 23 को नैनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि वह सुबह अपने मित्र सवेंद्र विक्रम सिंह के साथ टहलने अरैल बांध गए थे। टहलकर वापस जाते समय सुबह 6रू40 बजे उनकी इनोवा कर को ओवरटेक करते हुए सफेद फॉर्च्यूनर गाड़ी पर सवार राजेंद्र बिहारीलाल व दो अज्ञात साथी ने गाड़ी रोककर गाली गलौज किया। ड्राइवर द्वारा गाड़ी न रोकने पर आरबी लाल ने ललकारा जिससे अज्ञात साथियों ने गोली चला दी। जो गाड़ी को चीरते हुए ऊपर से निकल गई। बहस के दौरान सरकारी वकीलों ने कहा कि विनोद बिहारी लाल द्वारा सह अभियुक्तों के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र व साजिश किया गया था। जिसके तहत योजना अनुसार वादी दिवाकर नाथ त्रिपाठी व उनके साथी सर्वेंद्र विक्रम सिंह पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। इनका 35 आपराधिक इतिहास का केस है। आरबी लाल से अधिक इनका रोल है।

# देवरिया में ग्राम विकास अधिकारी घूस लेते हुआ गिरफ्तार

ब्यूरो देवरिया



देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे एंटी करप्शन टीम ने ग्राम विकास अधिकारी घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा। गांव में हुए विकास कार्यों का पैसा मांग रहे थे। भुगतान के नाम पर प्रधान से मांगी थी 10: कमीशन। प्रधान प्रतिनिधि के शिकायत पर हुई कार्रवाई। एंटी करप्शन गोरखपुर टीम ने वीडीयो को पकड़ा। एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर पुलिस को सौंपा ।सिरसिया पवार में नियुक्त था वीडीओ रजनीश कुमार भारती। बनकटा ब्लाक के गेट से गिरफ्तार हुआ घूसखोर बी0डी0ओ0

# चकबंदी के विरोध में ग्रामीण भूख हड़ताल पर



ब्यूरो देवरिया

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे ग्राम सभा पिपरा विट्ठल तहसील भाटपार रानी जिला देवरिया के किसानों ने चकबंदी के विरोध में भूख हड़ताल करना चालू कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार यह गांव 2014 में चकबंदी के लिए चयनित हुआ तभी से ग्रामीण लगातार विरोध दर्ज कराते रहें और अब चकबंदी विभाग इन किसानों के साथ जबरदस्ती करना शुरू कर दिया है बिना किसानो की सहमति के प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है इसके विरोध में किसान दिनांक 26 –2– 2024 से कर्मीक भुख अनशन सुबह 10रू00 से शाम 5रू00 बजे तक जारी है इनका कहना है की जब तक कोई उच्च अधिकारी आकर हमारी समस्या का समाधान नहीं करते तब तक हमारा अनशन जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो हम सब अमरण अनशन करने के लिए बाध्य होंगे दिनांक 28 –2 –2024 को छठठु यादव क्रमिक भूख अनशन पर बैठे है। इस पूरे आंदोलन की अध्यक्षता पवन कुमार यादव सदस्य क्षेत्र पंचायत भटनी कर रहे हैं ।इनका आरोप है की रामनरेश यादव ग्राम प्रधान है विकास की बात करते हैं ग्राम प्रधान अपने विकास के लिए चकबंदी पर आमादा हैं इस चकबंदी से ग्राम वासियों का सिर्फ उत्पीड़न होगा,ग्रामवासी भजन सहानी का कहना है चकबंदी विभाग लूट खसोट करने के लिए परेशान हैं किसानों के घर का रुपया गहना बेचवा देंगे कुछ हासिल नहीं होगा सिर्फ हमारा उत्पीड़न ही होगा इसीलिए हम विरोध कर रहे हैं ! वीरेंद्र गिरी अनिल यादव हरिशंकर सिंह वीरेंद्र सिंह सुनील यादव छठठू यादव दीप नारायण कुशवाहा बैजनाथ यादव लाल बाबू यादव सुग्रीव कुशवाहा योगेंद्र प्रसाद रामनरेश यादव अवधेश यादव आदि लोग इस आंदोलन में उपस्थित रहे ।

# यथांश केसरवानी को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर हर्ष

प्रयागराज। समाजवाद की भावना के साथ पार्टी की विचारधारा पर समर्पित रूप से काम करने पर सपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रयागराज के यथांश केसरवानी को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की अनुमति पर समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। कर्मठ व जुझारू नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी का इजहार किया है। पिछले कई वर्षों से समाजवादी पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने का काम करते रहे हैं।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा, महानगर अध्यक्ष इफ्तिखघर हुसैन, महासचिव रवींद्र यादव, हाजी परवेज, विजमा यादव, सनी यादव, तारिक सईद अज्जू, शारिक उमर,देव बोस, सै.मो. अस्करी, अभिमन्यु पटेल, अज्म सईद मानू, सैफ फरिदी, पीयूष पटेल, तीर्थ यादव, अमित गुप्ता, शिवा केसरवानी, परवीन केसरवानी, प्रिंस सिंह बागी, अमित यादव बगई आदि में बधाई दी।

# विश्व की सबसे बड़ी होम्योपैथी पुस्तक का हुआ विमोचन

## 2466 पेज की पुस्तक का हुआ विमोचन

प्रयागराज। होम्यो फ्रेंड्स 19 में होम्योपैथिक साइंटिफिक सेमिनार और अवार्ड सेरेमनी का आयोजन उत्तराखंड के हरिद्वार के वानप्रस्थ आश्रम में किया गया। साइंटिफिक सेमिनार में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित सैकड़ो वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी व सैकड़ो पुस्तकों के लेखक सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा द्वारा लिखित विश्व की सबसे बड़ी होम्योपैथी पुस्तक होम्योपैथिक एनसाइक्लोपीडिया होम्योपैथिक मैटेरिया मेडिका 2466 पेज का विमोचन उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर दिनेश चंद्र शास्त्री, पूर्व निदेशक होम्योपैथी उत्तर प्रदेश प्रोफेसर बीएन सिंह, डॉ मजूलेंद्र प्रताप सिंह ने विमोचन किया।

भारत में पहली बार दुनिया के सबसे बड़ी होम्योपैथी मैटेरिया मेडिका जिसका नाम होम्योपैथी एनसाइक्लोपीडिया मैटेरिया मेडिका है। यह पुस्तक अपने आप में कई खूबियां से परिपूर्ण है जैसे 1400 से अधिक औषधीय का संपूर्ण वर्णन जिसमें भारत एशिया तथा यूरोप के ऐसे दुर्लभ औषधीय का भी संकलन किया गया है जिसमें प्रत्येक औषधि का रासायनिक गुणसूत्र के साथ एनाटॉमी फिजियोलॉजी पैथोलॉजी बेस्ड गाइडिंग सिंपटम के साथ विस्तृत वर्णन बहुत ही रोचक तथ्यों के साथ किया गया है।

# भारत मे पर्यटन के क्षेत्र मे अपार संभावनाएं

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज मे भूगोल एवं प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे दिनांक 26 – 28फरवरी तक ष्ट्रैवल एण्ड टूरिज्मष विषय पर त्रिदिवसीय वर्कशाप का अयोजन किया गया। उक्त वर्कशाप मे डा अजिन रे, असोसिएट प्रोफेसर, ई सी सी य प्रो ए आर सिद्दिकी, पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालयय डा श्रीरंजन शुक्ल ,पूर्व क्यूरेटर, इलाहाबाद राष्ट्रीय संग्रहालय ने क्रमशः फोकसिंग आवरसेल्फ आन टूरिज्म एन्ड हास्पिटालिटी मैनेजमेंट,पर्यटन के क्षेत्र मे रोजगार की संभावनाए तथा पर्यटन मे संग्रहालय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। अतिथि वक्ताओ ने कहा कि भारत मे पर्यटन के क्षेत्र मे अपार संभावनाए है क्योकि भारत विभिन्न संस्कृतियों एवं जैव विविधता का क्षेत्र है अतः छात्राएँ इस क्षेत्र मे अपना कौशल विकसित करके रोजगार प्राप्त कर सकती है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो आशिमा घोष ने कार्यशाला की महत्ता बताई। प्राचार्या एवं अतिथि वक्ता ने प्रतिभागी छात्राओ को प्रमाण–पत्र भी वितरित किये। कोर्स कॉर्डिनेटर डा अर्चना पॉल एवं डा मीनाश्री यादव ने सफलतापूर्वक कार्यशाला का आयोजन किया।इस अवसर पर डा सुषमा श्रीवास्तव, डा अजिता ओझा, डा दर्शन कुमार झा, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय समाज के मूल्यों और संस्कारों के महत्व पर डाला प्रकाश

प्रयागराज। सात दिवसीय विशेष शिविर महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयोम के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शिविर महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित रहा। जिसमें भारतीय समाज के मूल्यों और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने सर्वप्रथम प्रार्थना की उसके बाद लक्ष्य गीत और एनएसएस ताली से शिविर का प्रारंभ किया। उसके पश्चात श्रमदान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की साज– सज्जा हेतु पौधों के गमलों की निराई गुड़ाई और पेंटिंग का कार्य जो प्रथम दिन प्रारंभ हुआ था उसको समाप्त किया। प्रशिक्षिका जीनत बानो द्वारा योगाभ्यास कराया गया। बौद्धिक सत्र में डॉ इरम फरीद उस्मानी, एसोसिएट प्रोफेसर (समाज शास्त्र विभाग) ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका है क्योंकि महिलाओं के सशक्त हुए बिना राष्ट्र को विकसित बनाने का सपना पूरा नहीं हो सकता सबसे पहले उन्होंने स्वयंसेविकाओं को सशक्त की अवधारणा को समझाया। उन्होंने कहा सशक्त यानी पावर और पावर वह है जो हमें निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करे। दूसरों की इच्छा के विरुद्ध उनसे काम करवा सके ।उन्होंने महिलाओं के संबंध में 2 एच ( सेहत एवं खुशी ) की बात कही। उन्होंने कहा कि केवल पैसा कमाना ही सशक्तिकरण नहीं है। अगर हम खुश हैं, और सेहतमंद है तब भी आत्मनिर्भर हैं और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को भली प्रकार से निभा पायेंगे।

साथ ही उन्होंने कहा कि विकास का पैमाना प्रत्येक व्यक्ति के लिए अलग–अलग है। किसान के लिए उसके खेत अच्छे हो, मजदूर के लिए मजदूरी अच्छी हो, शिक्षक के लिए बच्चों को अच्छा पढ़ाना आदि। विकास की प्रक्रिया में हम दूसरों के साथ जुड़ते हैं अगर हम विकसित नहीं है तो आने वाली पीढ़ी भी विकसित नहीं होगी।

द्वितीय सत्र का संचालन स्वयंसेविका आतिफा नाज ने किया। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने ष्नारी शक्तिष पर पोस्टर बनाएं और गीत गाए। उसके बाद ष्कबाड़ से जुगाड़ष और कौशल विकास के लिए रचनात्मक कार्य के अंतर्गत प्रदर्शनी हेतु तैयारी प्रारंभ की। जिसके लिए उन्होंने सफाई करके कक्षा–कक्ष को तैयार किया। राष्ट्रगान के साथ शिविर समाप्त हुआ। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती हेना फरहीन ने कार्यक्रम का संचालन किया और श्रीमती शर्मीन फात्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# किशोरी सशक्तिकरण प्रशिक्षण का आयोजन

प्रयागराज। बहादुरपुर ब्लॉक के भोपतपुर ग्राम पंचायत भवन में एक्शनएड एसोसिएशन द्वारा यूनिसेफ व यूपी एसआरएलएम के सहयोग से संचालित नई पहल परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय किशोरी सशक्तिकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

किशोरी सशक्तिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत एक्शनएड एसोसिएशन के जिला समन्वयक रवि कुमार के द्वारा परिचय सत्र से किया गया।

इसके पश्चात प्रयागराज की वरिष्ठ समाजसेविका किरन मिश्रा ने लैंगिक समानता के मुद्दों पर बातचीत शुरू की जिसमें किशोर व किशोरियों में होने वाले शारीरिक बदलाव, गुड टच – बैड टच, मासिक धर्म के समय होने वाले छुआ–छूत को दूर करने व उसकी उपयोगिता, शारीरिक स्वास्थ्य व स्वच्छता पर किशोरियों तथा वालिंटियर्स की समझ विकसित करते हुए नारीवादी आंदोलन गीत भी सब मिलकर गाएं और नेतृत्व निर्माण में किशोरियों की भूमिका, समान अधिकार व वेतन पर परिचर्चा की।

समाजिक सुरक्षा योजनाओं में कौशल विकास मिशन योजना के प्रशिक्षण कोर्स, मिशन वात्सल्य स्पॉसंरशिप योजना, बाल श्रमिक विद्या योजना, मेधावी छात्रवृत्ति योजना, श्रम विभाग पंजीकरण, कन्या विवाह सहायता योजना की जानकारी दी साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर,महिला हेल्पलाइन नंबर, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

आज के इस किशोरी सशक्तिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

प्रयागराज। उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक एवं जूनियर संवर्ग में विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई।

ज्ञातव्य है कि नोबेल पुरस्कार विजेता भारत रत्न महान भौतिक शास्त्री सर सीवी रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव के सम्मान में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने 28 फरवरी 1930 को रमन प्रभाव की खोज किया था। जिसका प्रयोग आज भी प्रयोगशालाओं में किया जाता है। प्राथमिक व जूनियर वर्ग के कक्षा चार से कक्षा आठ तक के 140 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र को ओएमआर शीट पर हल किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने कहा बच्चों में विज्ञान विषय में रूचि को जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसको लेकर बच्चों में बहुत उत्साह रहता है। इससे उनका न केवल विज्ञान विषय तैयार हो जाता बल्कि विज्ञान का सामान्य ज्ञान भी तैयार हो जाता है। परिणाम घोषित कर बच्चों को प्रशस्ति पत्र मेडल और पुरस्कार वितरण किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी, नाजिया सुल्ताना, रजनीकांत पांडेय, जितेंद्र कुमार शर्मा, राकेश कुमार, पूनम तिवारी, पंकज कुमार गुप्त आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक विज्ञान शिक्षक अमरदीप चौधरी रहे।

# विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु अभाविप चलाएगी युवा मतदाता जागरूकता अभियान

अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक पुडुचेरी में हुई संपन्न

प्रयागराज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो–दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक पुडुचेरी स्थित विवेकानंद सीबीएससी स्कूल में संपन्न हुई। इस बैठक में अभाविप द्वारा देश के सभी राज्यों में संचालित शैक्षिक अभियानों की संगठनात्मक समीक्षा, शिक्षा क्षेत्र में सुधार हेतु आगामी अभियानों व किए गए प्रयासों समेत विभिन्न बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई तथा अभाविप की आगामी कार्ययोजना तय की गई।

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिला अत्याचार की वीभत्स घटना पर पश्चिम बंगाल सरकार की उदासीनता तथा अपराधियों के संरक्षण का विरोध करते हुए अभाविप केंद्रीय कार्यसमिति द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में शीघ्रता से सुधार किए जाने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु चिंतन कर उसका क्रियान्वयन भी महत्वपूर्ण हो जाता है। अभाविप देश भर में श्परिसर चलो अभियानश के माध्यम से कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु कार्य कर रही है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में देश भर में वृहद स्तर पर आयोजित गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्ययोजना निर्धारित हुई है। आगामी लोकसभा चुनाव में युवा अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकें इसके हेतु अभाविप देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाएगी, सभी जिलों में विद्यार्थियों से सीधा संवाद करेगी एवं लोकतंत्र के इस पावन पर्व को अधिक सार्थकता प्रदान करने में विद्यार्थी वद्द युवा समुदाय की भूमिका सुनिश्चित करने हेतु प्रयास करेगी।

# एमएनएनआईटी में अटल पेंशन योजना पर कार्यशाला का आयोजन

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में बुधवार को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने अटल पेंशन योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्वानों, शोधकर्ताओं और हितधारकों को पेंशन योजना की जटिलताओं और इसके निहितार्थों को समझने के लिए एक मंच प्रदान किया। कार्यशाला की शुरुआत विभागाध्यक्ष, एसएमएस एमएनएनआईटी इलाहाबाद, प्रोफेसर तनुज नंदन और अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जीबीपीएसएसआई के निदेशक प्रोफेसर बद्री नारायण तिवारी ने मानव विकास और सामाजिक योजनाओं पर गहन अंतर्दृष्टि साझा की। इसके अतिरिक्त, इस अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी प्रो. ए.के. शरण ने सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रतिभागियों को एक समृद्ध भाषण दिया। डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम के पहले भाग को सफलतापूर्वक समाप्त करते हुए सभी योगदानकर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

कार्यशाला तीन तकनीकी सत्र शुरू हुए, जो एपीवाई और इसकी तकनीकी बारीकियों के बारे में वित्तीय जागरूकता पर केंद्रित थे। अंतिम सत्र में बैंकरों के बीच एक पैनल चर्चा हुई, जिसमें मूल्यवान उद्योग परिप्रेक्ष्य प्रदान किए गए। कार्यशाला का समापन एक समापन सत्र के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एमएनएनआईटी इलाहाबाद से सेवानिवृत्त एचएजी प्रोफेसर गीतिका शामिल थीं, जिसमें प्रतिभागियों ने दिन भर में प्राप्त ज्ञान के भंडार पर विचार किया। काय में कुल 145 प्रतिभागी थे।

# माफिया अतीक अहमद की सात करोड़ की संपत्ति मिली गैंगस्टर में होगी कुर्क

प्रयागराज। कमिश्नरेट पुलिस ने माफिया अतीक अहमद की सात करोड़ की एक और बेनामी संपत्ति खोज निकाली है। लगभग 500 वर्ग गज क्षेत्रफल वाली बेशकीमती भूमि करेली के जीटीबी नगर में है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत इसे कुर्क करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

खास बात यह है कि पूर्व में खोजी गई संपत्तियों की तरह अतीक ने इसे किसी और नहीं बल्कि अपने ही नाम पर जबरन लिखाया था। 20 अप्रैल 2006 में इस जमीन का बैनामा उसने अपने हक में कराया था। डीसीपी नगर दीपक भूकर के नेतृत्व में कमिश्नरेट पुलिस की एक टीम लगातार माफिया की अपराध से अर्जित संपत्तियों का पता लगाने में जुटी है।

सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने जब इस संपत्ति के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि अतीक ने यह जमीन मंसूर आलम पुत्र नईम उल्ला निवासी जीटीबी नगर से खरीदी थी। यह जमीन आलम सहकारी आवास समिति की थी। तब मंसूर आलम इस समिति के सचिव थे। पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि यह आवासीय समिति थी। अतीक को जब इसके बारे में मालूम हुआ तो उसने कहा कि पहले 500 वर्ग गज जमीन उसके नाम की जाए, वरना वह समिति को किसी तरह का काम नहीं करने देगा। साथ ही उसकी बात न मानने पर धमकाया। दहशत में आकर उन्होंने जमीन का बैनामा कर दिया।इस संपत्ति के बारे में यह भी पता चला है कि बैनामे में जो विक्रय मूल्य था, वह तत्कालीन सरकारी मालियत से कम था। इसके विक्रय पत्र में कुल सरकारी मालियत 23.76 लाख दर्शाई गई, जबकि विक्रय मूल्य 14.85 लाख अंकित है।

# दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने का हो रहा प्रयास- नरेन्द्र कश्यप

प्रयागराज। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश नरेन्द्र कश्यप, बुधवार को जिला पंचायत परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनान्तर्गत कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं ओ लेवल व सीसीसी प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मंत्री ने सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल व विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विभागों के द्वारा सरकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार से सम्बंधित लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया।कार्यक्रम में दिव्यांग बच्ची गुनगुन जायसवाल के द्वारा सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी गयी, जिससे प्रभावित होकर मंत्री जी व सांसद के द्वारा बच्ची का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान व उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मूक बधिर कॉलेज जार्जटाउन के दिव्यांग बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।